शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 103 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 09 मई 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे'

## सैम पित्रोदा के भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करने को लेकर पीएम ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा



**वारंगल/एजेंसी**

**देश** में लोकसभा चुनाव को लेकर धुआंधार प्रचार का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना पहुंचे हुए हैं। उन्होंने करीमनगर के बाद वारंगल में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करने को लेकर पीएम ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

**आज मैं बहुत गुस्से में हूं**

उन्होंने कहा, 'आज मैं बहुत गुस्से में हूं। चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे हैं। चमड़ी को लेकर देश अपमान सहन नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना होगा।' सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था।

**मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।'एक बार फिर मोदी सरकार जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है? इसलिए देश कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस झूठ की कितनी बड़ी मास्टर है तेलंगाना से बेहतर कौन जानेगा।

## कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया: पीएम



**मोदी** सरकार पर हमला करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी पर व्यवसायी गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी सहित देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का मजाक उड़ाते हुए कहा, तीसरे चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। मोदी और भाजपा के कुछ नेता विपक्षी गठबंधन को इंडी गठबंधन कहते हैं। कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत में यकीन करती है जबकि कांग्रेस और बीआरएस के लिए परिवार प्रथम है।

उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे की खुलकर आलोचना की है लेकिन दोनों दलों के बीच भ्रष्टाचार एक सामान्य कारक है। मोदी ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस ने पांच साल तक अदाणी और अंबानी के नाम का जाप किया और लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद यह बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में डबल आर (आरआर) टैक्स को लेकर दिल्ली तक खूब चर्चा हो रही है।

## पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा।

चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। बिहार की 5 सीटों से 80, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट से 22, झारखंड की 3 सीटों से 54, लद्दाख की एक सीट से 3, महाराष्ट्र की 13 सीटों से 264, ओडिशा की 5 सीटों से 40, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों से 144 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों से 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सीबीआई मामलों पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पश्चिम बंगाल के मामलों में सीबीआई की तरफ से एफआईआर दर्ज होने के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने याचिका का ये कहते हुए विरोध किया है कि ममता सरकार की ये याचिका अनुच्छेद 131 के तहत सुनवाई के लायक नहीं है। इन मामलों में केस सीबीआई ने दर्ज किया है, केंद्र सरकार ने नहीं। सीबीआई अपने आप में स्वतंत्र जांच एजेंसी है।

## अंबानी-अदाणी से कितना माल उठाया 'शहजादे' घोषित करें: पीएम

### पीएम ने पूछा- रातों-रात गाली देना क्यों बंद किया?



**नई दिल्ली/एजेंसी**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अदाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अदाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अदाणी को गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी अदाणी से कितना माल उठाया है?

## अडानी-अंबानी ने कांग्रेस को पैसा भेजा है तो ईडी-सीबीआई से जांच कराएं: राहुल



**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को 'अंबानी-अडानी के साथ डील' वाले तंज को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार किया है। राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी कि अगर अडानी-अंबानी ने कांग्रेस को पैसा भेजा है तो वह ईडी और सीबीआई से जांच कराएं। राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कहा कि पैसे टेम्पो में भेजे गए थे। मोदी जी, क्या यह आपका व्यक्तिगत अनुभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का ड्राइवर और खलासी कौन है, यह देश जानता है। कांग्रेस नेता ने कहा, नमस्कार मोदी जी, थोड़ा सा घबरा गये क्या? आमतौर पर आप बंद दरवाजे के पीछे अंबानी, अडानी के बारे में बात करते हैं। पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से 'अंबानी', 'अडानी' का नाम लिया है। उन्होंने कहा कि आपको ये भी मालूम है कि ये लोग टेम्पो में पैसा देते हैं। क्या यह आपका निजी अनुभव है?

एक काम कीजिए सीबीआई-ईडी को इनके पास भेजिए, पूरी जानकारी निकालिए और जल्द से जल्द इसकी जांच कराइये। घबराइये मत मोदी जी।

## केरल में बढ़ा वेस्ट नाइल बुखार का खतरा



**केरल**

**केरल के** तीन जिलों में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में वेस्ट नाइल बुखार फैलने की सूचना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बचाव के दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। पिछले सप्ताह केरल में स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसमें राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने मानसून से पूर्व साफ-सफाई आदि गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही जिला चिकित्सा के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिए थे कि वे अपनी गतिविधियों में तेजी लाएं। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वे स्थानीय सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करें। जिला वेक्टर नियंत्रण इकाई द्वारा कई जगहों से नमूने एकत्र किए गए हैं। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए भेजा गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम भी चलाने के लिए कहा है।

केरल के कई जिलों में वेस्ट नाइल बुखार के मरीजों देखे गए हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने केरल के मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में अभी अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने साथ ही सभी से अनुरोध किया है कि वे बुखार के लक्षण नजर आते ही तुरंत इलाज करवाएं। या आस-पड़ोस में किसी में भी लक्षण दिखते हैं तो उस व्यक्ति को तुरंत इलाज करवाने के लिए कहें।

उन्होंने कहा कि इस वायरस के प्रकोप से बचने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह डेंगू के समान है। अभी चिंता की या घबराहट की आवश्यकता नहीं है। अब तक हॉट स्पॉट नहीं हैं। कोझिकोड के जिला कलेक्टर स्नेहिल कुमार सिंह न बताया कि अब तक सिर्फ पांच मामले सामने आए हैं, जिनमें से चार ठीक हो गए हैं, एक का इलाज चल रहा है। ये बीमारी संक्रमित मच्छर के काटने से इंसानों में फैलती है। अगर समय पर मरीज का ट्रीटमेंट न हो तो ये बुखार एन्सेफलाइटिस का कारण भी बन सकता है।

## कुर्सी के लालच में उद्धव ने छोड़ी बालासाहेब की विचारधारा: शिंदे



**मुंबई**

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विश्वास जताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन लोकसभा चुनाव में राज्य में विपक्षी गुट से काफी आगे है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 से अधिक सीट के लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करने के लिए अभी गठबंधन का ध्यान सिर्फ 'मिशन-45' पर है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि उन्हें किसे चुनना है, घर बैठे 'फेसबुक लाइव' पर सरकार चलाने वालों को या फिर जमीनी स्तर पर काम करने वालों को।

**'उद्धव ठाकरे ने फेसबुक से चलाई सरकार'**

सीएम शिंदे ने कहा कि 'पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान कुछ काम नहीं किया जा रहा था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार 'फेसबुक लाइव' पर चल रही थी। वे घर बैठकर ही सरकार चला रहे थे। क्या सिर्फ दो दिन सचिवालय जाने वाले मुख्यमंत्री के सहारे सरकार चलाई जा सकती है?' उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीट के बाद सबसे ज्यादा 48 लोकसभा सीट महाराष्ट्र में है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) गठबंधन का लक्ष्य कम से कम 45 सीट जीतना है जिसे 'मिशन-45' कहा जा रहा है।

महाराष्ट्र में गठबंधन के तहत भाजपा 28 सीट पर चुनावी मैदान में हैं, शिवसेना 15 सीट पर और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा चार सीट पर चुनाव लड़ रही हैं, वहीं एक सीट राष्ट्रीय समाज पक्ष (आरएसपी) को दी गई है। एक विशेष साक्षात्कार में शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग सत्तारूढ़ गठबंधन को उसके अच्छे काम, लंबे समय से रुकी कई परियोजनाओं को पूरा करने और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने सहित अन्य कामों के लिए वोट दे रहे हैं।

## पित्रोदा का बयान विपक्षी गठबंधन को अस्वीकार



**नई दिल्ली/एजेंसी**

**इंडियन** ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा की टिप्पणी "पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं" से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। सैम पित्रौदा का यह बयान विपक्षी गठबंधन ने उनका निजी बयान बताया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा ने विरासत कर के बाद एक और विवादास्पद बयान दिया है। सैम पित्रौदा ने कहा है "पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं" इसके बावजूद हम एक हैं । इसके बाद आज (बुधवार) कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक साझा पोस्ट में लिखा कि 'सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं जयराम ने यह भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और अस्वीकार करती है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि 'सैम पित्रोदा के बयान का विपक्षी गठबंधन का कोई नेता समर्थन नहीं करता है।' शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि 'मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके मुद्दे को देश का मुद्दा बनाया जा रहा है।

## डबल इंजन की सरकार का एक इंजन ही गायब हो गया है: अखिलेश यादव

**शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार का नारा देने वालों की भाषा ही बदल गई है। आजकल बड़ी-बड़ी होर्डिंग में डबल इंजन की सरकार का एक इंजन ही गायब हो गया है। भाजपा वालों ने पहले ही स्वीकार कर लिया कि खटारा इंजन को बदल देना है। शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थित मैदान में सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने आए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ के शहंशाह भाजपा वालों के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया कर देना। अखिलेश ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री भी शाहजहांपुर आए थे। लखनऊ वाले भी आने वाले होंगे। दोनों सरकारों ने बड़े-बड़े वादे और बातें की। उनका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है।

## एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगवाई




**लंदन/एजेंसी**

**दुनियाभर** में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फामूर्ले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

**कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे**

एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

**भारत में भी उठी चिंताएं**

एस्ट्राजेनेका ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों से ही कोरोना वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला किया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट की तरफ से अभी तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत में भी कोविशील्ड को लेकर चिंता उठ रही है और इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है और वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सुनवाई की मांग की गई है।

सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं हुई है।

# सराय कंसराय में रेलवे फाटक न बनने पर ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

अखंड भारत संदेश




**जंघई।** आजादी के बाद से सराय कंसराय में रेलवे फाटक बनाने की मांग कर रहे दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा किया है।विपिन कुमार पांडेय क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सराय कंसराय बजहाडीह ने बताया कि विगत कई वर्षों से ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं सरकार से गुहार लगाई लेकिन किसी ने आज तक ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों के अनुसार रेलवे फाटक से संबंधित समस्या को सांसद, विधायक, मंत्री, जिले एवं लखनऊ तक के अधिकारियों पहुंचाया गया है लेकिन झूठे आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।ग्रामीणों ने पुनः प्रदर्शन करते हुए एक स्वर से कहा है कि भदोही लोकसभा चुनाव में दर्जनों गांव के ग्रामवासी एक होकर मतदान न करने का निर्णय किया है और लोगों ने बैनर पोस्टर के माध्यम से पूरे गांव में चुनाव में चुनाव बहिष्कार हेतु जागरूकता अभियान चलाया है जिसमें पूरे गांव के लोग इस मुहिम में अपना-अपना पूरा योगदान अपनी स्वेच्छा से दे रहे हैं जिसमें हर वर्ग के लोग हर जाति के लोग चाहे वह यादव हैं, ब्राह्मण हैं, गौतम हैं, विश्वकर्मा हैं, शर्मा हैं, मुस्लिम हैं सभी लोग कंधा से कंधा मिलाकर पूरे गांव की समस्या को देखते हुए उसके निदान के लिए अपने-अपने मतों का उपयोग न करने का निर्णय लिया है।

## शुआट्स ने ड्रोन प्रशिक्षण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया

**छात्र वाणिज्यिक, कृषि ड्रोन उड़ाने के लिए पात्र होंगे**

**नैनी।** शुआट्स के निदेशक शोध प्रोफेसर (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल ने साझा किया कि आने वाले दिनों में शुआट्स के छात्र ड्रोन आचार्य उड़ान एलएलपी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण को पूरा करने के उपरान्त वाणिज्यिक या कृषि ड्रोन उड़ाने के लिए पात्र होंगे। प्रोफेसर आलोक मिल्टन ने कहा कि गति-जीएएल और श्री बालाजी ग्रुप (डीजीसीए द्वारा अनुमोदित रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) के संयुक्त उद्यम ड्रोन आचार्य उड़ान एलएलपी के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच ड्रोन प्रदर्शन और संवेदीकरण अभियान के लिए शुआट्स,का दौरा किया। .जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइंजीनियरिंग, कॉन्फ्रेंस हॉल, में एक व्याख्यान भी आयोजित हुआ जहां उन्होंने प्रशिक्षण के तौर-तरीकों पर प्रस्तुति दी और फिर उन्होंने क्षेत्र में ड्रोन की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसके बाद, उन्होंने शुआट्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके साथ उनका लक्ष्य भावी ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण देना शुरू करना है, जो उन्हें ड्रोन पायलट प्रमाणन प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा, जिससे महानिदेशक नागरिक उड्डयन द्वारा अनुमोदित लाइसेंस प्राप्त होगा, जिससे वे वाणिज्यिक, कृषि ड्रोन उड़ाने के लिए पात्र हो जाएंगे। ड्रोन आचार्य उड़ान एलएलपी भविष्य में छात्र और कृषक समुदाय की बेहतरी के लिए शुआट्स के साथ ड्रोन के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान करने की भी योजना बना रहा है।

# जमीन में रखे पत्थर के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट दर्जनों घायल एक गंभीर

**मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल में जुटी मेजा पुलिस**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** जमीन में रखे पत्थर के विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें दो पक्षों की ओर से दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर मौके वारदात पर पहुंची मेजा पुलिस जांच पड़ताल की कार्यवाही जुट हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर शिव वंश राय का पूरा गांव निवासी एक पक्ष के मोहन लाल पुत्र स्व पुरुषोत्तम यादव आदि और दूसरे पक्ष के वसंत लाल पुत्र सतीश यादव आदि के मध्य बुधवार को जमीन में रखे पत्थर को लेकर विवाद हुआ जिसमें दोनों पक्षों की ओर जमकर लाठी डंडे चले और ईट पत्थर चले। बताया जाता है कि इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक दर्जन लोग जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं बुरी तरह घायल हो लहूलुहान हो गए हैं। जबकि इस विवाद में विजय यादव के लड़के के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी हालत काफी नाजुक है उसे इलाज हेतु जनपद स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर मारपीट की वारदात की जानकारी जैसे ही मेजा पुलिस को हुई तत्काल मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मार पीट पांच पर केस दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के दुबाही गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक राय हो कर महिला के घर में घुस कर मार पीट की गयी। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासनीय रूखसाना बानों पत्नी इस्तियाक अहमद का आरोप है कि पडोसी से पुरानी रंजिश चली आ रही है उसी को लेकर उसके घर में घुस कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। रुखसाना बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के ही निवासी अब्दुल वहाब, अब्दुल खालिद, अबूजर, शाहनूर, रहनुमा बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में दो दिवसीय कौशल विकास पुस्तकें प्रकाशन प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ



**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में दो दिवसीय कौशल विकास पुस्तकें प्रकाशन प्रदर्शनी का उद्घाटन कौशल विकास के तत्वधान में प्रदर्शनी का उद्घाटन। यतायत निरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस पवन पांडे के द्वार किया गया जिसका कौशल विकास नवीनतम प्रकाशन के आउटपुट का प्रकाशन किया गया मुख्य अतिथि यथायात् निरीक्षक संरक्षक पुलिस प्रयागराज पवन पांडे ने कौशल विकास के विषय में चर्चा की एवं यातायत प्रबंधं के विषय में भी बताया गया केंद्र की तरफ से मोहम्मद कौसर महेंद्र अरोड़ा रोहित शुक्ला रजवाह कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## रुद्र प्रताप सिंह जिला मंत्री भाजपा प्रतापपुर विधानसभा प्रभारी बने



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गंगापार जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय द्वारा हरभानपुर गांव निवासी एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री रुद्र प्रताप सिंह को भदोही लोकसभा चुनाव 2024 हेतु प्रतापपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। रुद्र प्रताप सिंह अपने पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों संग प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद के समर्थन में प्रत्येक गांव में जनसंपर्क करके भाजपा प्रत्याशी को मतदान करने हेतु जनसंपर्क करेंगे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र की कटहरा गांव निवासी अर्जुन उम्र 28 वर्ष जिसकी सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कटहरा थाना उतराव निवासी नंदलाल जो वर्तमान में क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। उसका बेटा अर्जुन जो हंडिया शकुंतला हॉस्पिटल में अपनी मोटर साइकिल से जा रहा था। जैसे ही रिखीपुर थाना हडिया के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। वहीं युवक के दो बेटियां हैं। मृतक युवक अर्जुन की मौत से पत्नी उषा देवी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## न्यूज झरोखा

### राहगीरों के लिए निःशुल्क प्याऊ एवं शरबत का हुआ आयोजन



**सहसों।** तपिश भरी इस भीषण गर्मी में राहत देते हुए राहगीरों के लिए सहसों बाईपास पर प्रयागराज फार्मासिस्ट वेलफेयर फाउंडेशन एवं परोपकार सेवा संगठन सहसों प्रयागराज के संयुक्त तत्वधान में कैंप लगाकर निःशुल्क प्याऊ एवं शरबत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंप में आकर काफी संख्या में राहगीर ठंडा पानी एवं शरबत पीकर गला तर करते हुए गर्मी से राहत पाए। इस मौके पर फार्मासिस्ट फाउंडेशन के संयुक्त सचिव विपिन केसरवानी ने बताया कि तपिश भरी गर्मी से लोगों में लगने वाले लू एवं शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए राहगीरों सहित आदि लोगों में ओआरएस पैकेट का वितरण भी किया गया। कैंप के संयोजक चंद्र प्रकाश केसरवानी ने बताया कि दो माह तक भीषण गर्मी के कारण आयोजन चलता रहेगा ताकि लोगों को गर्मी में शुद्ध पीने हेतु ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और गर्मी से राहत मिल सके। इस अवसर पर कैंप में लगे कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं आदि राहगीर मौजूद रहे।

### कुंवर उज्ज्वल रमण ने विधान सभा कोरांव में इंडिया गठबंधन कार्यालय का किया उद्घाटन



**कोरांव।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोकसभा 52 इंडिया गठबंधन प्रत्यासी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के कर कमलों द्वारा 265 विधान सभा कोरांव के लेंडियारी रोड़ गुड्डू जायसवाल पेट्रोल पंप के समीप केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुंवर उज्ज्वल ने कहाकि, भारतीय जनता पार्टी ने देश और प्रदेश की जनता को ठगा है। बेरोजगारी महंगाई को बढ़ावा दिया है। महिलाओं का उत्पीड़न किया है।किसानों हक अधिकार छीना है। अब वक्त आ गया है कि अपने मत का सदुपयोग करते हुए इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं जिससे देशझ प्रदेश और क्षेत्र में विकास संभव हो सके। और कहाकि इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता अलग अलग होकर गांव झगांव जाकर लोगों से जनसंपर्क करें और लोगों को जागरुक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करें। हर बूथ को सशक्त और मजबूत बनाना है।जो कार्यकर्ता अपने बूथ को जीता कर लायेगा उसका सह्रदय सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधान सभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल, पवन सिंघाल, राजेश पाण्डेय, प्रमोद प्यासी, पूर्व विधायक राम कृपाल कोल, वरिष्ट सपा नेता रामदेव निडर, दीपांशु कोल, लल्लन सिंह पटेल, इंद्र दमन भूर्तिया,रविंद्र जैसल, मेहताब खान, शिवम सिंह बघेल, गुलफान खान, हर्षित पाण्डेय, यादवेंद्र अहीर,माशूक अहमद, विजय केशरी,सहादत अली, भागीरथी केसरी, रेखा सिंह, ओम प्रकाश कुशवाहा, बबलू शुक्ल सहित तमाम जन मौजूद रहे।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए निकाली गई जागरूकता रैली



**मऊ आइमा।** खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मऊआइमा के मोहम्मद पुर सराय अली स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली प्रधानाध्यापिका अंजली पांडेय की उपस्थिती में निकाली गई। जिसमें शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा अभिभावकों ने घर घर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। जिसमें शिक्षकों के साथ अभिभावक भी मौजूद रहे।

### सांड के झुंड ने महिला पर किया हमला गंभीर रूप से घायल



**करछना।** थाना क्षेत्र करछना गांव निवासी एक महिला के ऊपर चार-पांच छुट्टा सांड अचानक हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। करछना गांव निवासी चंदवीर सिंह की पत्नी राजकुमारी सिंह 70 वर्ष घर के पीछे सोमवार को टहल रही थी तभी वहा अचानक चार-पांच की संख्या में सांड हमला कर दिया जब तक लोग दौड़कर उन्हें किसी तरह बचाया लेकिन उन्हें सर और शरीर पर गंभीर चोटें आई है उनका उपचार एक निजी अस्पताल में कराया गया वहीं मुक्त भोगी के पति चंद्रवीर सिंह ने उप जिलाधिकारी वह थाना प्रभारी से शिकायत करते हुए छुट्टा जानवरों को क्षेत्र में खुले गौशालाओं में पकड़वाकर डलवाने की मांग की है वही मांग की है कि यदि इस ओर ध्यान ना दिया गया तो गांव के कई लोग चुनाव का बहिष्कार भी करेंगे।

## इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण की भारी मतों से जीत सुनिश्चित : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा दिनेश कुमार सोनी के नेतृत्व में गाँव गाँव का दौरा किया गया जन सम्पर्क के दौरान डा दिनेश कुमार सोनी ने स्थानीय लोगों से आगामी 25मई को इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह को पंजे वाली बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया डॉ दिनेश सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है दस सालों में उनके किये गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया गया इसलिए इस बार इण्डिया गठबंधन से मजबूत इमानदार कैण्डिडेट को मैदान में उतारा है जिन्हें जिताकर क्षेत्र के विकास के लिए दिल्ली भेजना हम जनता का नैतिक कर्तव्य है उन्होंने कहा कि देश की जनता देख रही हैं की लोक तंत्र में क्या हो रहा है और अब जनता ही जबाब देगी मंहगाई बेरोजगारी नोटबंदी संविधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य जैसे मुद्दो पर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की लहर है और इस बार यूपी की सभी 80 सीटों पर गठबंधन की जीत के लिए पूरा जोर लगाकर जनता के बीच में जाकर जनता जनार्दन का समर्थन आशीर्वाद लिया जावेगा कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में घर घर प्रचार करने वालों में डा दिनेश कुमार सोनी पी सी सी प्रकाश पाण्डेय एडवोकेट ब्लॉक अध्यक्ष नागेश पाण्डेय जिला महा सचिव आशीष कुमार मिश्र राम मणि दिवेदी अरुण कुमार मिश्र पवनेश कुमार सोनी राजकुमार पटेल दरोगा वृजेश कुमार अमित कुमार भारतीया आदि शामिल रहे।

## मऊआइमा टोल प्लाजा पर फ़्लाइंग स्क्वाड टीम ने एक कार चालक से एक लाख रुपए बरामद किये

**मऊआइमा।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही तमाम टीमें सक्रिय हो गयी है।बताया गया है कि फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के प्रभारी मयूरेश त्रिपाठी ने मऊआइमा रामनगर गंसियारी टोल प्लाजा पर एक कार चालक के पास से एक लाख रुपए बरामद किया। बताया गया है कि कार चालक राघवेन्द्र परिहार ने बताया कि वह व्यापारी है। फिलहाल दस्ते ने रूपया मऊआइमा थाने में जमा कर दिया। एक लाख रुपए का दस्तावेज देखाने पर पैसा वापस किया जाएगा वरना मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

## दरोगा सन्नेश बाबू गौतम के मानवीय चेहरे की हुई सराहना

**भूखे दिव्यांग को स्वयं के हांथों खाना खिलाने का वीडियो हुआ वायरल**



**मेजा।** एसीपी सर्किल मेजा से संबद्ध थानों में पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी बखूबी निर्वहन कर रही है जिसका ताजा उदाहरण सर्किल के दीघिया पुलिस चौकी में देखने को मिला है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को दोनों हांथ से एक दिव्यांग युवक भूखा-प्यासा अपनी फरियाद लेकर उक्त पुलिस चौकी पहुंचा और वहां मौजूद उपनिरीक्षक सन्नेश बाबू गौतम से अपनी पीड़ा साझा करने लगा। गौरतलब है कि पीड़ित दिव्यांग की पीड़ा को समझते हुए दरोगा ने कहा कि घर से कुछ खा पीकर चलें हैं कि ऐसे ही जिस पर दिव्यांग ने कहा साहब मैं कष्टित हूं खाना नसीब नहीं हुआ है फिर क्या था दरोगा जी बोल पड़े भैया पहले खाना खा लो फिर अपनी समस्या बताना। बता दें कि जिस समय दिव्यांग युवक को दरोगा ने अपने हांथ से भोजन कराया उस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों खाकी में आज भी ऐसे फरिश्ते हैं जिनके नाम पर लोग पुलिस पर भरोसा जता रहे हैं। दरोगा और दिव्यांग के बीच के मामले की फोटो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी लोगों ने पुलिस के कार्यप्रणाली की सराहना की। पुलिस विभाग के बड़े अफसरों के निर्देश पर यूपी पुलिस जरूरतमंदों का हर संभव सहयोग व मित्रतापूर्ण व्यवहार निभाते हुए जनता के बीच एक अच्छी छवि बनाने की दिशा में काम कर रही है।

## ठगों के बहकावे से दूर रहे नागरिक : थाना प्रभारी

**साइबर क्राइम के नए नए तरीकों से ठगे जा रहे लोगों को जागरूक कर रहे कोराव के थाना प्रभारी राकेश कुमार भारती**



**कोराव।** प्रतिदिन बढ़ रहे तरह तरह के अपराधों, साइबर क्राइमों के चलते ठगे जा रहे भोले भाले युवा, बच्चे, महिलाएं, किसानों को सचेत करने के लिए थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती और उनके अधीनस्थ पुलिस टीम ने अपील किया है। श्री भारती ने लोगों से आगाह किया कि गांवों में मुहल्लों में विभिन्न प्रकार के ठग टीवी फ्रिज कुकर कूलर साइकिल,कंप्यूटर मोबाइल आदि की तश्वीरें दिखा दिखा कर पांच सो रुपए से ले कर दस हजार तक की मांग कर के मूर्ख बना रहे हैं ऐसे रैकेटों से बचने और उन्हे पुलिस के हवाले किए जाने के लिए सहयोग मांगा है,जिससे ठगी से बचे रहें। इस तरह से मोबाइलों पर लालच दिखा कर गाड़ी वगैरह तथा लाटरी बता कर और किसी योजना में लाभ दिलाने, और स्वीकृति होने की जानकारी बता बता कर बैंक खातों से ओटीपी मांग कर अथवा मोबाइल से पैसे ट्रांसफर करने का ऑफर दे दे कर भोले भाले लोगों को ठग रहे उनसे सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने लोगों से क्षेत्र में भाई चारा कायम रखने कानून और शांति व्यवस्था कायम रखने में और निस्पक्ष रूप से चुनाव में मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान किए जाने हेतु सभी आम जनों क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों से अपील किया है। उन्होंने यह भी अपील किया कि यदि किसी ने कानून हाथ में लेने की कोशिश किया तो उन्हे उसी भाषा में दंडित किया जाएगा। थाना प्रभारी गैंगेस्टर गुंडा ऐक्ट आदि के लायक अपराधियों पर कार्यवाही किए जाने की शुरुआत की है। जिससे क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का बढ़ाया मान सम्मान : संजय श्रीवास्तव

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान पूरे विश्व में बड़ा है भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा किया भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं प्रधानमंत्री की देन है जो आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है एक बार मोदी को पुणे प्रधानमंत्री बनने के लिए नीरज त्रिपाठी को भारी बहुमत से जीतने के लिए सभी जनता जनार्दन का अपीलकरते हुए। अरैल सोमेश्वर महादेव नंदन तालाब मुखिया नगर रामनगर में जनसंपर्क किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला दिलीप मिश्रा राकेश कुमार बाबूजी यादव नित्यानंद मिश्रा जनार्दन शुक्ला प्रदीप शुक्ला भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क करके नीरज त्रिपाठी को जिताने की अपील की।

# कक्षा दो की छात्रा से अश्लील हरकत करने पर ग्रामीणों का विद्यालय पर हंगामा, थाने का किया घेराव

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के डुडुही गांव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पर कक्षा दो की छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने विद्यालय पर हंगामा किया। विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गेट का ताला खुलवाया। आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर गांव के लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीणों का आरोप प्राथमिक विद्यालय डुडुही में कार्यरत एक शिक्षक साल भर से कक्षा दो की छात्रा पर बुरी नजर रखता था। वह अक्सर उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। चार दिन पहले बच्ची ने घर वालों को इसकी जानकारी दी तो वह सन्न रह गए। शिक्षक की करतूत जानकर ग्रामीणों में भी आक्रोश फैल गया। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुंचकर हंगामा करने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय के गेट पर ताला लगा दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों को समझा बुझाकर गेट का ताला खुलवाया।इसके बाद ग्रामीण सरायइनायत थाने पहुंच गए और आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। घटना की जानकारी विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है।






# मण्डलायुक्त ने मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित 10 कि.मी. क्रास कन्ट्री रेस का हरी झण्डी दिखाकर किया उद्घाटन

## मण्डलायुक्त ने सभी खिलाडियों एवं अधिकारियों को मतदाता जागरूकता की दिलायी शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देशानुसार जनपद प्रयागराज में मतदाता जागरूकता 10 कि०मी० क्रास कन्ट्री रेस पुरूष एवं महिला प्रातः 6.00 बजे अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, म्योहाल से विजय विश्वास पंत-मण्डलायुक्त महोदय द्वारा सभी खिलाडियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाकर एवं हरी झण्डी दिखाकर दौड़ का उद्घाटन किया गया तथा सभी खिलाडियों को दिनांक 25 मई, 2024 को अपने स्वयं के मत तथा अपने परिवार एवं गांव से शत प्रतिशत वोट डालने के लिए कहा गया। उक्त प्रतियोगिता महाराणा प्रताप चौराहा (म्योहाल), धोबी घाट चौराहा, एकलव्य चौराहे से बाये ओर प्रधान डाक घर से होते हुए पत्थर गिरजा घर चौराहा से सुभाष चौराहा, सिविल लाइन हनुमान मन्दिर चौराहा, मेडिकल चौराहा, सी.एम.पी डिग्री कालेज चौराहे से बाए जार्ज टाउन थाना होते हुए बालसन चौराहा से बाए इण्डियन प्रेस चौराहा से होते हुए चन्द्रशेखर आजाद पार्क के गेट नं0 03 पर समाप्त हुई। इस प्रतियोगिता में 256 पुरूष एवं 102 महिला कुल 358 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बालक वर्ग में प्रथम-शैलेश कुशवाहा, द्वितीय- प्रदुम निषाद, तृतीय-दूधनाथ यादव, चौथा -करन निषाद, पांचवा-दिनेश यादव, छठा-मो० फरह एवं महिला वर्ग में प्रथम -पूजा पटेल, द्वितीय-पुष्पा यादव, तृतीय-श्रेया सिंह, चौथा- मिला देवी, पांचवा-मानसी निषाद, छठा-रानी ने प्राप्त किया। सभी खिलाडियों का पुरस्कार वितरण मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के कर कमलो द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बुके देकर एवं संदीप गुप्ता, क्रीडा अधिकारी म्योहाल द्वारा बैज लगाकर तथा मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त एवं प्रेक्षक महोदय का क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी श्रीमती विमला सिंह द्वारा बुके तथा अरविन्द सोनकर, उप क्रीडा अधिकारी एवं देवी प्रसाद उप क्रीड़ाधिकारी द्वारा बैज लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय प्रयागराज, पी.एन. सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं एल. बी. मौर्य उप जिला विद्यालय निरीक्षक, बृजेश श्रीवास्तव, सचिव जिला खेल कूद प्रयागराज नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता इन निर्णायको सत्येन्द्र सिंह, आशीष यादव, संजय कुमार सिंह, जयराम सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार गुप्ता, सुश्री श्रेया सिंह, प्रवीण जायसवाल, अंकित तिवारी, द्वारा तथा देवी प्रसाद उप कीडाधिकारी की देखरेख में सम्पन्न करायी गयी तथा सभी अतिथियों का श्रीमती विमला सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# डिजिटल अरेस्ट कर 1.48 करोड़ की ठगी में तीन हिरासत में

## अफसर की पत्नी ने दर्ज कराया है मुकदमा




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जार्जटाउन में डिजिटल अरेस्ट कर अफसर की पत्नी काकोली दासगुप्ता (68) से 1.48 करोड़ की ठगी का खुलासा जल्द हो सकता है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। अफसर की पत्नी के खाते से उड़ाई गई रकम को इन्हीं खातों के जरिये इधर से उधर भेजा गया। फिलहाल, देर रात तक पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी रही।सूत्रों का कहना है कि जिन तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनके खातों में रकम का लेनदेन हुआ। इन्हीं में से एक खाता ऐसा भी है जिसकी रकम फ्रीज कराई गई। पुलिस ने केवाईसी विवरण के आधार पर उन्हें पकड़ा। फिलहाल यह बात सामने आई है कि अफसर की पत्नी के खाते से उड़ाई गई रकम को डिजिटल मुद्रा में परिवर्तित कर इसे देश से बाहर कैश कराया गया। फिलहाल, इस मामले में साइबर थाना पुलिस ज्यादा कुछ बताने को तैयार नहीं है। प्रभारी राजीव तिवारी का कहना है कि जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

**इंटरनेट कॉल का किया था इस्तेमाल :**

इस मामले में साइबर अपराधियों ने आईपी( वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) कॉल का इस्तेमाल किया था। पुलिस उस आईपी एड्रेस को ट्रेस करने में भी जुटी है, जिसके जरिये यह कॉल की गई। इस तरह की कॉल इंटरनेट के जरिये की जा सकती है और इसके लिए कॉल करने वाले के पास फोन का होना जरूरी नहीं है। फिलहाल, पुलिस वह आईपी एड्रेस ट्रेस करने में जुटी है, जिस पर चल रहे इंटरनेट कनेक्शन से यह कॉल की गई। महिला के खाते से उड़ाई गई रकम दो बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इनमें से एक खाता एसबीआई व दूसरा खाता यस बैंक का है। इन्हीं में से एक खाते में भेजी गई 40 लाख की रकम को तत्परता दिखाते हुए होल्ड करा दिया गया।

**यह है पूरा मामला :**

यह प्रयागराज का पहला केस है जिसमें महिला को डिजिटल अरेस्ट कर उससे साइबर ठगी की गई। वादिनी का आरोप है कि उनके नाम पर ड्रग्स, लैपटॉप व क्रेडिट कार्ड वाला पार्सल ताइवान भेजने की बात कहकर पहले इंटरनेशनल कूरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर एक व्यक्ति ने संपर्क किया। पार्सल के बारे में जानकारी न होने की बात कहने पर शिकायत दर्ज कराने को कहा। फिर पुलिस अफसर बनकर एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो कॉल पर बात की और डरा-धमकाकर रकम खातों में जमा करवा लिए।

**क्या है डिजिटल अरेस्ट :**

यह साइबर अपराध का नया तरीका है। इसमें साइबर ठग लोगों को झूठे इल्जाम लगाकर ब्लैकमेल करते हैं। जब आप उनकी बातों में फंस जाते हैं तो वह पुलिस के बड़े अधिकारी से बात कराने का झांसा देकर अपने ही गिरोह के किसी अफसर से वीडियो कॉल पर बात कराते हैं। इसके बाद शिकार बनाए गए व्यक्ति को इतना डरा धमका दिया जाता है कि वह घबरा जाए। साथ ही फंसने का डर दिखाकर किसी से संपर्क करने, कॉल करने या घर से बाहर निकलने से भी मना कर दिया जाता है। वह बताता है कि आपका आधार, सिम कार्ड, बैंक अकाउंट किसी गैरकानूनी काम के लिए इस्तेमाल हुआ है। साथ ही अगर उसकी बात नहीं मानी तो आप कानूनी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। इसके बाद वह रुपयों की मांग करता है।

# प्रेक्षकगणों की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन हुआ संपन्न




**प्रयागराज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बुधवार को एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 51-फूलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ. (टीएमटी) बी. माहेश्वरी एवं 52-इलाहाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉक्टर मानिक जी गुरसाल, जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल, सीडीओ गौरव कुमार की उपस्थिति में मतदान कार्मिको का द्वितीय रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव सिंह, डीआईओ एनआईसी विजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बड़े हनुमान मंदिर में कॉरिडोर बनाने को ध्वस्तीकरण शुरू, गर्भ गृह में किया जाएगा यह बदलाव





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम के पास बांध स्थित बड़े हनुमान मंदिर में कॉरिडोर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कारिडोर की जद में आने वाले भवनों को ढहाना शुरू कर दिया है।ध्वस्तीकरण के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसे महाकुंभ से पहले बनाने का लक्ष्य है। रक्षा मंत्रालय ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण को कॉरिडोर बनाने के लिए 2.76 एकड़ भूखंड दिया है। इसमें गर्भ गृह को बड़ा बनाया जाएगा।सत्संग भवन, अनुष्ठान के लिए निर्माण किए जाएंगे। मौजूदा समय मंदिर का संचालन श्री मठ बाघम्बरी गद्दी की ओर से किया जाता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि मठ के महंत थे, उनकी मृत्यु के बाद मौजूदा समय बलवीर गिरि मठ के महंत हैं। ध्वस्तीकरण के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसे महाकुंभ से पहले बनाने का लक्ष्य है। रक्षा मंत्रालय ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण को कॉरिडोर बनाने के लिए 2.76 एकड़ भूखंड दिया है। इसमें गर्भ गृह को बड़ा बनाया जाएगा।

# फौजी पुलिस कर्मियों से भिड़ा, गिरफ्तार

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के छतनाग रोड पर सड़क चौड़ीकरण की वजह से बुधवार की शाम बिजली का खंभा शिफ्टिंग के दौरान एक फौजी बिजली विभाग के जेई से भिड़ गया। सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो फौजी पुलिस वालों से भी भिड़ गया बाद में पुलिस फौजी को पकड़ कर थाने लाई। बुधवार की शाम बिजली विभाग के जेई जेपी पाठक कर्मचारियों को लेकर छतनाग रोड पहुंचे और बिजली के पोल सिफ्ट कराने लगे। इसी को लेकर एक रिटायर्ड फौजी अरविंद सिंह विद्युत विभाग के कर्मचारियोंसे भिड़ गया और हंगामा करने लगा। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे फौजी को समझाने लगी लेकिन वह नहीं माना और पुलिस वालों से भी भिड़ गया। हंगामा कर रहे फौजी को पुलिस थाने उठा लायी। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फौजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 21 जून तक बदला कई ट्रेनों का रूट, प्रयागराज जंक्शन पर ब्लॉक, छपरा-पनवेल स्पेशल, गोंदिया- छपरा स्पेशल ट्रेन बदले रूट से चलेंगी

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन का रि-डेवलपमेंट हो रहा है। ऐसे में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल की ओर से ब्लाक लेकर कार्य पूरा कराया जा रहा है। रेलवे ने 28 अप्रैल से 21 जून कई ट्रेनों का रूट बदला है। बुधवार को रेलवे ने रूट बदले जाने वाली ट्रेनों की जानकारी दी।छपरा से 9 मई से 6 जून तक चलने वाली ट्रेन नंबर 05193 छपरा-पनवेल स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार, वाराणसी, प्रयाग, प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर स्टेशन के स्थान पर बदले हुए मार्ग औड़िहार, जौनपुर, वाराणसी, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी अस्थाई रूप से प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 22.22 बजे पहुंचकर 22.24 बजे रवाना होगी।पनवेल- छपरा विशेष गाड़ी छिवकी से जाएगी। इसी प्रकार पनवेल से 10 मई से 07 जून तक चलने वाली 05194 पनवेल- छपरा विशेष गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, वाराणसी, औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी अस्थाई रूप से प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 01.45 बजे पहुंचकर 02.05 बजे रवाना होगी।गोंडिया स्टेशन से 6, 13 और 20 मई को चलने वाली 08795 गोंदिया- छपरा विशेष ट्रेन निर्धारित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी, औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी अस्थाई रूप से प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 11.50 बजे पहुंचकर 12.05 बजे छूटेगी। छपरा से 7, 14 और 21 मई को चलने वाली 08796 छपरा-गोंदिया विशेष गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार-जौनपुर-वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी अस्थाई रूप से प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 03.38 बजे पहुंचकर 03.40 बजे छूटेगी।

# स्कूल के बगल से हटेगी शराब की दुकान

## 5 साल के बच्चे की गुहार, चीफ जस्टिस बोले- जरूरी नहीं हर साल रिन्यू हो लाइसेंस

**प्रयागराज।** एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे अथर्व की गुजारिश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मान ली। छात्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट जनहित याचिका दाखिल कर अपने स्कूल के बगल में खुले शराब के ठेके को बंद कराने की मांग की थी। इसी पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूल के बगल में पहले से शराब का ठेका है तो जरूरी नहीं हर साल उसका लाइसेंस बढ़ाया जाए। कोर्ट ने कानपुर नगर के आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के बगल में शराब के ठेके का लाइसेंस मार्च 25 के बाद बढ़ाने पर रोक लगा दी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति विकास कुमार की खंडपीठ ने दी। एलकेजी के छात्र अथर्व ने पिता जरिए जनहित याचिका दायर कर स्कूल से 20 फीट की दूरी पर स्थित शराब ठेके को हटाने की मांग की थी। इसे कोर्ट ने आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया है। याची का कहना है कि शासनादेश का उल्लंघन कर स्कूल के बगल में शराब के ठेके पर आए दिन होने वाले शराबियों के हुड़दंग से परेशानी होती है। इस मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का रिन्यूअल हर साल कैसे होता है। सरकार ने कहा स्कूल के पहले से ठेका था और उपबंधो का हवाला दिया। कोर्ट ने व्याख्या करते हुए कहा कि लाइसेंस अवधि बीत जाने के बाद नवीनीकरण किया जाना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि दुकान का लाइसेंस 31 मार्च 25 तक है। इसलिए उसके बाद न बढ़ाया जाए। मामला कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर मोहल्ले से जुड़ा हुआ है। पांच साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर इलाके में स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से महज 20 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका है। नियमानुसार स्कूल के आसपास शराब की दुकान का लाइसेंस नहीं दिया जा सकता। याची का कहना है कि अक्सर यहां सुबह छह-सात बजे से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग शराब के नशे में यहां हुड़दंग करते हैं। स्कूल के पास रिहायशी बस्ती भी है, जहां सैकड़ो की संख्या में लोग रहते हैं। परिवार वालों ने कानपुर के अफसरों से लेकर सरकार तक कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दलील दी गई कि यह स्कूल 2019 में खुला है।



# शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम सम्पन

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा परास्नातक (एम.ए.) तथा शोध के छात्रों का एक शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने वाराणसी के महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्त्व के स्थलों का भ्रमण किया और नवीन जानकारी प्राप्त की। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय का अवलोकन किया, जहाँ सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष ने पुस्तकालय के महत्त्वपूर्ण पक्षों से परिचित कराया। भारत कला भवन की निदेशक प्रो. जसमिंदर कौर ने सभी का स्वागत कर संग्रहालय का भ्रमण कराया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने विभाग की समृद्ध आचार्य परम्परा तथा विभागीय पुस्तकालय से परिचित कराया। तत्पश्चात भ्रमण दल लहरतारा स्थित कबीर प्राकट्य स्थल गया, जहाँ महन्त गोविन्ददास ने कबीर मन्दिर तथा ताल के विषय में जानकारी दी। इसके उपरान्त, सारनाथ स्थित भारतीय पुरातत्व संग्रहालय के पुरातत्वविद आनन्द विक्रम सिंह ने संगहालय तथा सारनाथ के अन्य पुरातात्विक विशेषताओं से अवगत कराया। भ्रमण के अन्तिम पड़ाव में कबीर-परम्परा के महत्त्वपूर्ण नवनिर्मित स्वर्वेद मन्दिर गए और भव्य व दिव्य मन्दिर प्रांगण का अवलोकन किया। कार्यक्रम संयोजन में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु शेखर सिंह, डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. सव्यसाची, डॉ. विष्णु प्रसाद शुक्ल, डॉ. मंजू शुक्ला तथा डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा का योगदान रहा।

# न्यूज झरोखा

## कंपोजिट विद्यालय द्वारा सेवा कार्यक्रम आयोजित



**प्रयागराज।** मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय नखास कोहना एवं शाहगंज, नगरक्षेत्र- प्रयागराज में श्रीमती सोनिका अग्रवाल जी के नेतृत्व में अन्नपूर्णा घर के सदस्यों द्वारा सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों के एम०डी०एम० के लिए 10 लीटर का प्रेशर कुकर, बच्चों हेतु स्टेशनरी, बिस्कुट, फल एवं पानी के दो मटके दिए गए। उक्त अवसर पर ए०आर०पी० श्रीमती अनुरागिनी सिंह, इं०प्र०अ० श्रीमती गार्गी अग्रवाल, इं०प्र०अ० संगीता कुमारी एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

## आईसीएसई बोर्ड में हसन शोएब ने पाया 97%



**प्रयागराज।** आईसीएसई बोर्ड के नतीजों के बाद जहां छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है वहीं बीएचएस के दसवीं के छात्र हसन शोएब ने 97% अंक पाकर समाज व परिवार का नाम रोशन किया है, करेली के प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे हसन शोएब के पिता शोएब इक़्बाल जहां एक कारोबारी हैं वहीं मां शबनम सय्यद एक गृहणी है,हसन के चाचा एस ए नसीम (गुड्डू )शहर के विख्यात अधिवक्ता हैं,हसन ने अपनी कामयाबी के पीछे ईश्वर की कृपा व परिवार का सहयोग बताया,अपने कैरियर के बारे में बताया की प्रशासनिक सेवा में जाकर देश व समाज की सेवा करना चाहता हूँ,हसन की छोटी बहन सारा शोएब जिसने इसी वर्ष जीएचएस में कक्षा 7 में 99.8% अंक पाए और सभी सेक्शन में बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर घोषित किया गया,स्मरण रहे हसन के दादा स्व0 इक़्बाल हुसैन प्रदेश भर में मशहूर श्रमिक नेता रहे हैं।

## सताक्षी मौर्या ने आईसीएसई 10वीं में 97% अंक प्राप्त किया



**प्रयागराज।** गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा सताक्षी मौर्या ने कउरए बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा में 97% अंक प्राप्त करके अपने स्कूल को गर्वान्वित किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से उन्होंने अपने प्रिय शिक्षकों और माता-पिता का नाम रौशन किया है। सताक्षी का इस उपलब्धि को देखकर स्कूल की प्रशासनिक टीम और शिक्षक उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। सताक्षी मौर्या ने अपनी मेहनत और समर्पण से एक उच्च स्तर प्राप्त किया है और उन्होंने अपने परिवार और समुदाय को गर्वित किया है।

## गुरुवार को रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

**नैनी।** नैनी जेल रोड उपकेंद्र से जुड़े पोस्ट ऑफिस फीडर के तहत मलहरा फाटक और चक फैजुल्ला मोहल्ले की बिजली आपूर्ति गुरुवार को घंटों बाधित रहेगी। संबंधित अवर अभियंता विपिन कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क चौड़ीकरण हेतु ढाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने दौरान गुरुवार सुबह लगभग 10:30 से लेकर दोपहर 12:30 तक बजे तक बिजली आपूर्ति उक्त दोनों मोहल्ले की बाधित रहेगी।

# जातीय समीकरण साधने में जुटे प्रमुख दलों के प्रत्याशी

## बसपा भाजपा मतों में और पीडीएम सपा के मतों में सेंध लगाने की जुगत में

**अखंड भारत संदेश**


भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता।


सपा प्रत्याशी एसपी पटेल।


बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा।


पीडीएम प्रत्याशी ऋषि पटेल।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र का चुनाव छठें चरण में 25 मई को होगा। आज नामांकन का आखिरी दिन था। अब तक हुए नामांकनों में प्रमुख राजनैतिक दल के प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता भाजपा, एसपी पटेल समाजवादी पार्टी, प्रथमेश मिश्र बहुजन समाज पार्टी और ऋषि पटेल पीडीएम के नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

इसमें प्रचार की दृष्टि से भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी ने रफ्तार पकड़ ली है। ज्यादातर प्रमुख दलों के ये प्रत्याशी जातीय समीकरण जुटाने में जुगत में लगे हुए हैं। भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता को पार्टी के संगठन व प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पर ज्यादा भरोसा है तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी एसपी पटेल व प्रथमेश मिश्र अपने संगठन के साथ जातीय समीकरण बनाने में जुटे हैं।

भाजपा व सपा का जातीय समीकरण में बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र व पीडीएम के ऋषि पटेल का गणित कुछ हद तक बिगाड़ने के प्रयास में हैं। इसमें बसपा प्रत्याशी प्रथमेश का प्रचार तेज है। वह मायावती के सख्त प्रशासन की याद दिलाते हैं और भाजपा व सपा पर सवर्णों की उपेक्षा का भी आरोप लगाने में नहीं चूकते।

राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि बसपा अपने परम्परागत वोटों के अलावा सोशल इंजीनियरिंग के तहत ब्राहमण वोटों को अपनी तरफ करने की भरपूर कोशिश कर रहा है। इस अभियान में भाजपा को नुकसान जरुर होगा। दूसरी तरफ पीडीएम प्रत्याशी ऋषि पटेल अपने जातीय तथा अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। वैसे समाजवादी पार्टी, बसपा व पीडीएम के प्रत्याशी महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर भाजपा पर प्रहार कर रहे हैं। उधर भाजपा, विकास, राष्ट्रवाद व मोदी की उपलब्धियों के भरोसे चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा उसका प्रयास है कि पिछड़ी जातियों का एकजुट मत उसके पाले में जाए।

# महिलाएं घर-घर जाकर बना रही भाजपा के पक्ष में माहौल

## सदर क्षेत्र की महिला प्रमुख ने बेल्हा देवी के पास महिलाओं से किया सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**


महिलाओं से सम्पर्क करतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की महिलाएं शहर के विभिन्न भागों में जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के विकास कार्यों तथा महिलाओं के पक्ष में लिये गये निर्णय की चर्चा कर रही हैं और नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को पूरा करने में सहयोग करने की अपील कर रही हैं।

भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी एवं सदर क्षेत्र की महिला प्रमुख सारिका श्रीवास्तव ने बुधवार को बेल्हा देवी के समीप के क्षेत्रों में जाकर महिलाओं से व्यापक रुप से सम्पर्क किया। उन्हें भाजपा को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिये अनेक योजनाओं को देकर महिलाओं को लाभ पहुंचाया है। अब बारी महिलाओं की है। उन्हें खुलकर सामने आना होगा। इस अवसर पर महिलाओं से सम्पर्क करने में सुष्मिता देव एवं सरोजा भी शामिल रहीं।

# युवक ने रेलवे ट्रैक में बनाई कब्र, ऊपर से निकल गई ट्रेन, हड़कंप

## ग्रामीणों की मदद से जिंदा निकला युवक, मां बेल्हा देवी धाम और बनारस लाइन की घटना

**अखंड भारत संदेश**


ट्रैक में बने गिट्टी हटाकर बनाई गईं कब्र।

**प्रतापगढ़।** घर की किसी बात से नाराज युवक नशे की हालत में रेलवे ट्रैक की गिट्टी हटाकर उसमें अपनी कब्र बनाई और लेट गया। ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। उसके बाद वह ट्रैक से जिंदा निकाला गया। इस घटना से हड़कंप मच गया। भंगवा गांव का एक युवक देर शाम नशे में टल्ली होकर बनारस वाली लाइन पर जा पहुंचा। स्लीपर के बीच की गिट्टी हटाई उसमें गड्ढा बनाया। उसके वह उसमें लेट गया और ऊपर से गिट्टी डालकर खुद को ढक लिया। कुछ देर बाद बनारस वाली इंटर सिटी उसी पर से गुजरी। पत्नी ने हल्ला मचाकर ग्रामीणों को एकत्र किया। ट्रेन निकलने के बाद गिट्टी हटाकर उसे जिंदा निकाला गया। पत्नी के अनुसार पति मजदूर है। नशा करता है। घर की माली हालत बहुत खराब है। झगड़ा करके घर से निकला और ट्रैक पर आकर लेट गया। लोगों की मदद से निकाला गया।

## युवक की मौत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आम की बाग में संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से युवक का शव लटका मिलने की घटना को लेकर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इधर पीएम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के नेकनामपुर पूरे बख्तावर गांव निवासी रामलखन सरोज पुत्र अंकुश सरोज 19 का शव मंगलवार सुबह जसमेढ़ा में आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला था। घटना को लेकर मृतक के भाई राजेन्द्र सरोज ने जसमेढ़ा गांव के रमेश यादव के पुत्र पन्नेलाल यादव के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया था। मामले में जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पन्ने लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इधर पीएम के बाद मंगलवार की देर शाम मृतक का शव घर लाया गया। बुधवार की सुबह परिजनों ने मानिकपुर में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# जाति, धर्म से ऊपर उठकर एकजुट होकर करें मतदानः डा0 एसपी पटेल

## विधान सभा रामपुर खास में कार्यालय का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**


इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल का स्वागत करते लोग।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ0 एसपी सिंह पटेल गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग बुधवार को विधानसभा रामपुर खा़स क्षेत्र के लोगों का आशीर्वाद लिया। रामपुर खा़स विधानसभा में कार्यालय का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर जनपद के विकास और उत्थान के लिए एकजुट होकर मतदान करना है तथा हमें आपस में लड़ने वाले मठाधीशों को अपने वोट के दम पर जवाब देने का सही अवसर यही है। तत्पश्चात लोगों से मुलाकात कर कोठा नेवटिया, उदयपुर, राजापुर, दौलतपुर, पूरे बुद्धू, नौगीर, घुइसरनाथ रोड, खालसा चौराहा सहित कई अन्य जगहों पर जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में जन-समर्थन मांगते हुए आर्शीवाद लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नीरजा शंकर एडवोकेट, मोहम्मद शाहिद एडवोकेट, डॉ अनुराग, मोहम्मद हासिम, अनुपम, संजय वर्मा, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। उधर पूर्व शिक्षक एम.एल.सी. कान्ति सिंह ने इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉव एस.पी. सिंह पटेल के समर्थन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के गाँवों में गठबंधन के कार्यकर्ताओं साथ सघन जनसंपर्क करते हुए लोगों से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को मत देकर मजबूत बनाने की अपील की। और उन्होंने बताया कि इस समय सबसे ज्यादा अत्याचार महिलाओं के ऊपर हो रहा है, अगर आपको देखना हो तो मणिपुर की घटना देखिए, हाथरस की घटना देखिए इस मौके पर शीला सिंह, पजल मिश्रा, शबनम बानो, माधुरी सरिता आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## जमीनी रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडों से पीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया हल्ला गुहार होने पर आस-पड़ोस के लोगों के आ जाने से किसी तरह पीड़ित की जान बची मामले में पीड़ित ने 112 पुलिस को सूचित किया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को लेकर आई जहां से गंभीर हालत के चलते डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के कॉधरपुर गांव के रहने वाले आशीष पांडेय पुत्र गंगा प्रसाद पांडेय ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि उसके पड़ोसियों से जमीनी विवाद काफी पुराना चल रहा था। इस विवाद के चलते सोमवार कि देर रात्रि पड़ोसियों ने घर पर आकर मां-बहन को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे जिससे आशीष पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गया और हमलावर लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पट्टी भिजवाया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया मामले में चार लोगों को नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मारपीट हुआ है घायल का प्राथमिक उपचार कराया गया है प्रार्थना पत्र मिला है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## युवक को रास्ते में रोक कर मारपीट कर 20 हजार छीनने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ससुराल से घर जा रहे युवक को गांव के समीप कुछ युवकों ने रोक कर मारने पीटने लगे। इस दौरान उसके जेब में रखे 20 हजार रुपये निकाल लिए। हल्ला गुहार होने पर आस-पास के लोगों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकले। कोतवाली इलाके के दुबौली परसन गांव के रहने वाले बृजेश यादव पुत्र हरिराम यादव ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि मंगलवार की देर रात्रि दस बजे के आस-पास वह अपने ससुराल लक्ष्मणपुर सोनाही से घर के लिए निकला था। अभी वह घर से कुछ ही दूर पर पहुंचा था इसी दौरान पहले से वहां मौजूद लोगों ने उसे रोक लिया। और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। इसी बीच उसके जेब में रखे 20 हजार निकाल लिए। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कराई जा रही है। सही पाएं जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभु को मन से वरण करने पर मिलता है ऐच्छिक वरदानः आचार्य कौशल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ढ़िगवस क्षेत्र के समीप पूरे बीरबल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। कथा में कथाव्यास आचार्य कौशल महराज ने रुक्मणी विवाह का मनोहारी प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि रुक्मणी देखे बिना ही श्रीकृष्ण को चाहने लगीं थीं। जब उनका विवाह शिशुपाल से तय हुआ तो उनको बहुत दुख हुआ। रक्मणी बचपन से ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकीं थीं। रुक्मणी की मन की बात पता चली तो उनका हरण कर श्रीकृष्ण द्वारका ले आए। यहां धूमधाम से उनका रुक्मणी के साथ विवाह संपन्न हुआ। आयोजक मंडल की ओर से आकर्षक वेशभूषा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। ग्राम प्रधान रज्जन मिश्र ने व्यासपीठ और श्रीकृष्ण बारात की आरती उतारी। मुख्य यजमान देवीशरण श्रीवास्तव एवं अमरावती श्रीवास्तव कथाव्यास का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर सज्जन मिश्र, सुरेश कुमार, जीतेंद्र, कुलदीप, शीला देवी, नीरा देवी, मोतीलाल, दिलीप, विजय कुमार, सौरभ, गौरव, दयाशंकर, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार मण्डल ने मनाई पं0 श्याम बिहारी मिश्रा की 86वीं जयंती

## मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**



जयंती समारोह में बोलते व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के 86वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिला उद्योग व्यापार मंडल प्रतापगढ़ द्वारा कार्यालय पर एक बैठक आयोजित किये जाने व व्यापारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिला उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल के सानिध्य में जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया कि जिला उद्योग व्यापार मंडल नगर उद्योग व्यापार मंडल जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में जिले में एवं नगर में जगह-जगह जाकर व्यापार मंडल के पदाधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान चलाएंगे और मतदान ज्यादा से ज्यादा करने के लिए अपील की जाएगी। जिला महामंत्री अशोक कुमार सिंह ने बताया कि व्यापारियों के पंडित श्याम बिहारी मिश्रा का 86 जन्म जयंती कार्यक्रम में उनके द्वारा किए गए व्यापारियों के लिए संघर्ष को बताया, जिसके तहत जिला उद्योग व्यापार मंडल व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिला व्यापार मंडल द्वारा आयोजित किया जायेगा। इस मौके में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोविंद, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत, नगर अध्यक्ष अंकुर केसरवानी, नगर महामंत्री जगदीश सिंह सलूजा आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।


मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते नोडल अधिकारी।

## जीजीआईसी में मतदाता जागरुकता की दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चुनाव का पर्व, देश का गर्व के जोश और जज्बे के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में, गीता प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस नोडल अधिकारी के कुशल संयोजन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठी एवं छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## गुल्लक के पैसे से साथी के लिए खरीदे शर्ट और चप्पल

### बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के बच्चों की अनूठी पहल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अग्नि पीड़ित छात्र विकास की मदद के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप से जुड़े छात्र और छात्राओं ने अपने अपने गुल्लक के मुंह खोला। पैसे निकालकर साथी के लिए शर्त और चप्पल खरीदकर मददगार बने। उनकी यह पहला चर्चा का विषय बनी हुई है।

खजुरनी बोधी पांडेय का पुरवा में कुछ दिनों पहले क्लास आठ के छात्र विकास की झोपड़ी जिसमें वह और उसका परिवार रहते थे। आग की भेंट चढ़ गया। खुद विकास उसकी बहन और चाची भी झुलस गए हैं। इस घटना की जानकारी कंपोजिट स्कूल जोगापुर के छात्रों को हुई। मिडिल स्कूल में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप से जुड़े छात्रों ने एक पाई पाई जो गुल्लक में जुटा कर भविष्य के लिए रखी थी। उसमें से पैसे निकालकर विकास के लिए दिए हैं। बुधवार स्कूल में छात्रों ने गुल्लक की राशि टीचर राजेश कुमार को खरीददारी के लिए दी।इसके पहले भी छात्रों ने विकास की झोपड़ी बनाने में लगने वाली चीजें और राहत सामाग्री से मदद कर चुके हैं। स्कूल का स्टाफ भी आर्थिक सहयोग कर चुका हैं। इस बार बच्चों ने गुल्लक के पैसे से मदद का जो संकल्प लिया है। वह काबिले तारीफ है। ग्रुप प्रिंसिपल शनि ने बताया कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ने विकास ग्रुप से जुड़ा है। इसलिए सभी की जिम्मेदारी है कि विकास की कितनी हो सके की जाए। बच्चों ने गुल्लक से पैसे दिए हैं। मदद का अभियान चलता रहेगा।

## पट्टी डाकघर में कर्मचारी नदारत ग्राहक हो रहे हैं परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में स्थित पोस्ट ऑफिस में डेढ़ दर्जन कर्मचारियों की नियुक्ति है लेकिन एक दो कर्मचारी आते हैं, जिसको लेकर ग्राहक काफी परेशान हो रहे हैं। जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कस्बे के रहने वाले सक्षम सिंह योगी ने बताया कि पट्टी पोस्ट ऑफिस में डेढ़ दर्जन कर्मचारियों की नियुक्ति है जिसमें दो-तीन कर्मचारी ही आते हैं। तहसील का बड़ा पोस्ट ऑफिस होने के चलते यहां पर लोगों की भीड़ ज्यादा होती है। बुधवार को जब खाता खोलवाने आए तो उन्हे निराश होकर लौट जाना पड़ा कर्मचारी ना होने की दशा में काफी समस्या का वातावरण बना हुआ है। ग्राहकों ने संबंधित जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कर्मचारियों की व्यवस्था कराई जाने की मांग की है।

## रंजिश में छप्पर में लगायी आग, चार पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में छप्पर में आग लगा देने की घटना को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे चैन खानीपुर गांव निवासी रामनरेश सिंह के पुत्र राजेश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्कीस अप्रैल को गांव के मनोज सिंह, ददन सिंह पुत्रगण रामनरेश सिंह व ददन सिंह के पुत्र जगदीश सिंह तथा मनोज सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह एकराय होकर उसकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से अतिक्रमण करने लगे। पीडित के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए उसके छप्पर में आग लगा दिया। जिससे छप्पर में रखे राशन व अन्य सामान जलकर नष्ट हो गये। मामले में जांच के बाद पुलिस ने मनोज सिंह समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## धूमधाम संग मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर परशुराम सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में भगवान परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। पट्टी निवासी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय को मनोनीत किया गया और वहीं पर पट्टी निवासी राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय को बनाया गया। भगवान परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय एवं राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। कहां कि संगठन मजबूत होगा तभी समाज की समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा। दस मई को भगवान परशुराम जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम में हवन व विधि विधान संघ पूजा के साथ ही समाज के उत्थान पर चर्चा की जाएगी। वहीं पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी रहे। इस दौरान गुड्डू तिवारी, अमित तिवारी, अंकित पाण्डेय, रोहित शुक्ला, शिवम मिश्रा, मनीष तिवारी, अविनाश पाण्डेय,शनि पाण्डेय, रविकांत पाण्डेय, संदीप तिवारी, बच्चा प्रधान, राहुल तिवारी, रोहित पांडेय, बड़का पांडे, चंचल तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व धमकी को लेकर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कालूराम का पुरवा गांव निवासी राजेश वर्मा पुत्र रामअधार वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो मई को सुबह नौ बजे मवेशी चराने के विवाद को लेकर गांव के किशन लाल व उनकी पत्नी डगरहिन, पुत्री पूजा, पुत्र अवधू ने पीड़ित की पुत्री क्रान्ती वर्मा को गाली देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में जांच के बाद किशनलाल समेत चार लोगों के खिलाफ गालीगलौज मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कौशाम्बी में लोकसभा चुनाव की पुलिस और प्रशासन ने की तैयारी पूरी

### 20 मई को होगा मतदान

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले में कौशाम्बी लोकसभा सीट के लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है,जिसके लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है,डीएम एवम एसपी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रशासन की तैयारियों की जानकारी दी जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम राजेश कुमार रॉय एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को जानकारी दी,डीएम राजेश कुमार रॉय ने बताया कि 26 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया 03 मई को समाप्त हो गई है,नाम वापसी के बाद अब कुल 10 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने बताया कि 03 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है,जिसके अनुसार कौशाम्बी लोकसभा के पांच विधान सभा में अब कुल 19 लाख 09 हजार 620 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे,जिसमे पुरुष मतदाता 10 लाख 12 हजार 892 एवम कुल महिला मतदाता 8 लाख 96 हजार 562 एवम 166 अन्य मतदाता शामिल है।इस संबंध में सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर ली गई है जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार रॉय ने बताया कि चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार इस बार चुनाव के दौरान जनपद अथवा गैर प्रदेश में नौकरी करने वाले मतदाताओं को पोस्टल बैलेट डाक से नही भेजा जाएगा,अपितु इसके लिए आनलाइन व्यवस्था की गई है।इसके लिए कुल 2916 लोगो को 06 मई तक पोस्टल बैलेट आनलाइन भेज दिए गए है।इस बार उन्हें एऊ्ळ सर्टिफिकेट दिया जाएगा,जिससे वह अपने नियुक्ति स्थान पर अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि गैर जनपद वाले ऐसे मतदाता अपने नियुक्त स्थान पर फैसलेशन सेंटर पर मतदान कर सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार रॉय ने बताया कि चुनाव आयोग के आदेश के क्रम में कौशाम्बी जनपद के 85 साल से अधिक उम्र के कुल 367 मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया 11 मई से 13 मई के बीच फार्म 12 ऊपर प्रत्येक विधानसभावार तैनात किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट और फोर्स पूर्ण करेगी और उन्हे ट्रेजरी में रखेगी उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशियों एवम पार्टियों को अपडेटेड मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गई है।उन्होंने बताया कि इस बार 10 से 15 मई तक सभी मतदाताओं एवम उनके परिवार को मतदाता पर्ची बीएलओ द्वारा उपलब्ध करा दी जाएगी,यही नहीं आयोग द्वारा उपलब्ध एक एक वोटर्स गाइड भी प्रत्येक परिवार को दी जाएगी। वही एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है,कहा कितनी पुलिस फोर्स लगाई जानी है इसकी तैयारी कर ली गई है,कुछ बाहर की एवम पैरामिलिट्री फोर्स भी आएगी जिसको ब्रीफ कर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# भारत देश पर आरक्षण से सवर्ण समाज का अधिकार छीना जा रहा है उसे कतई सवर्ण समाज बर्दाश्त नहीं करेगा

अखंड भारत संदेश

**शुभम पांडेय उर्फ बालम पांडेय सवर्ण आर्मी के सह प्रभारी उत्तर प्रदेश के पद पर हुए नियुक्त**

**विरोध प्रदर्शन कर सवर्ण समाज के लोगों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ने का बीड़ा उठाया**

**कौशाम्बी।** जनपद में सवर्ण आर्मी की लहर को आगे बढ़ाने में शुभम पांडेय उर्फ बालम पांडेय के योगदान से प्रभावित होकर उन्हें सवर्ण आर्मी का सह प्रभारी उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया है सवर्ण आर्मी के सह प्रभारी उत्तर प्रदेश के पद पर शुभम पांडेय उर्फ बालम पांडेय के नियुक्त की जानकारी जैसे ही उनके समर्थकों को लगी बधाई देने वालो का तांता लग गया। सर्वेश पाण्डेय की टीम जनपद कौशाम्बी में विकसित कर जनपद के सवर्ण समाज के कमजोर और लाचार लोगों की मदद शुभम पांडेय उर्फ बालम पांडेय कर रहे है जिस तरह भारत देश पर आरक्षण से सवर्ण समाज का अधिकार छीना जा रहा है उसे कतई सवर्ण समाज बर्दाश्त नहीं करेगा सांसद विनोद सोनकर का सवर्णों के प्रति अभद्र व्यवहार का मामला हो इन सब मुद्दो पर शुभम पांडेय उर्फ बालम पांडेय द्वारा विरोध प्रदर्शन कर सवर्ण समाज के लोगों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ने का बीड़ा उठाया है उनके इस कार्यो से वह सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पाण्डेय के चहेते बन गए और कौशाम्बी से सह प्रभारी उत्तर प्रदेश के पद पर शुभम पांडेय को सर्वेश पांडेय सवर्ण आर्मी प्रमुख ने नियुक्त किया जैसे ही इस बात की जानकारी लोगों की लगी लोगों ने बधाई देना शुरू कर दिया बधाई देने वालों में ठाकुर शिवम सिंह राष्ट्रीय महासचिव सवर्ण आर्मी आर्मी मोनू तिवारी प्रदेश सचिव सूरज चौबे प्रदेश महा सचिव धर्मेंद्र मिश्रा प्रदेश प्रभारी आईटी सेल के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल प्रभारी आईटी सेल शुभम पांडेय ऊर्फ बालम पांडेय बनने को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं कौशाम्बी के सवर्ण समाज के लोगों ने दिया है और उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया है।

# युवक की मौत का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसकी प्रेमिका को भेजा जेल

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में 5 मई को राजकुमार यादव की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसकी विवाहिता प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है प्रेमिका पर ब्लैकमेलिंग का आरोप है प्रेमिका के घर पर युवक राजकुमार की मौत हुई थी राजकुमार के पिता ने महिला पर उसे परेशान कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का गंभीर आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी महिला को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में महिला ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव का रहने वाला राजकुमार यादव उर्फ शमशेर उम्र 27 वर्ष पुत्र छेदीलाल यादव रविवार शाम छः बजे दावत जाने की बात कहकर घर से निकला था। सोमवार सुबह उसका शव गांव के सोनू पाल के घर के अंदर एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला थी जिसके दोनों पैर जमीन से टिके थे और घुटने के पास से पैर मुड़ा हुआ था जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में बच्चों संग मौजूद रही सोनू पाल की पत्नी सविता देवी से इस बावत पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई सत्यम यादव की तहरीर पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 306 आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है और मंगलवार को सब इंस्पेक्टर अभिषेक शुक्ला ने मुखबिर की सूचना के आधार पर राजकुमार की मौत की जिम्मेदार बताई जा रही उसके शादीशुदा प्रेमिका सविता को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक थाने लाकर पूछताछ करने के बाद सविता ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसके बाद पुलिस ने सविता को लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया। मृतक युवक राजकुमार के पिता छेदी लाल यादव ने बताया कि उसका बेटा सविता के घर अक्सर आया जाया करता था। जिसका फायदा उठा कर सविता ने उसे अपने जाल में फंसा लिया। सविता उनके बेटे को पिछले कई दिनों से ब्लैक मेल कर रही थी। जिसके कारण उसका बेटा राजकुमार काफी परेशान रहता था। रोज की तरह खेत का काम कर बेटा घर आया तो सविता ने उसे शाम 6 बजे बहाने से बुलाया। इसके बाद उनका बेटा घर वापस नहीं आया और उसका शव महिला के घर पर मिला।

## निजी भूमि पर इंटरलॉकिंग लगाकर व्यक्ति विशेष को दिया जा रहा सरकारी लाभ

**शिकायत के बाद डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए जांच का आदेश**

**कौशांबी।** विकासखंड मंझनपुर के अम्बवा पश्चिम ग्राम सभा में व्यक्ति विशेष की व्यक्तिगत जमीन पर ग्राम पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग खड़ंजा लगाकर लाखों रुपए सरकारी धन खर्च कर दिया गया है। व्यक्तिगत लाभ दे कर सरकारी धन का नुकसान ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने किया है, जिसकी शिकायत आईजीआरएस से लेकर जिला अधिकारी कार्यालय में एडवोकेट दीप नारायण तिवारी ने की है। मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में सरकार के धन से व्यक्ति विशेष को व्यक्तिगत लाभ दिया गया है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। लेकिन उसके बाद भी खंड विकास अधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से नही लिया है। सरकारी रकम से व्यक्तिगत लाभ दिए जाने के प्रकरण की यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार उजागर होगा और दोनों से सरकारी रकम की रिकवरी होना तय है। इस मामले की शिकायत आइजीआरएस और डीएम से की गई है। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही का आदेश दिए हैं।

# ईवीएम वीवी पैट का किया गया द्वितीय रेण्डमाइजेशन



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत बुधवार को एनआईसी कलेक्ट्रेट में सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विशाल आर0 एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित में ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट का द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित सभी एआरओ उपस्थित रहे।

### सकुशल प्रशिक्षण सम्पन्न कराये जाने के निर्देश

**कौशाम्बी।** डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा दिनांक 10 मई, 2024 से दिनांक 13 मई, 2024 तक मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिये जाने वाले प्रशिक्षण से सम्बन्धित अधिकारियों एवं ई0वी0एम0 मास्टर टेनर एवं कम्प्यूटर आपरेटरों को प्रशिक्षण के बारे में 8 मई को गम्भीरता से जानकारी दी और सकुशल प्रशिक्षण सम्पन्न कराये जाने के निर्देश भी दिये गये।

# सत प्रतिशत मतदान विकसित राष्ट्र की संकल्पना में हमारी हिस्सेदारी : नितिन

**करारी कस्बे में आयोजित हुई विश्व हिंदू परिषद की बैठक**



**कौशाम्बी।** भारत मजबूती के साथ आज पूरे विश्व में अपनी मजबूत धमक दिखाते हुए देश के नागरिकों के हित को विश्व पटल पर रख रहा है। यह हम सब के माताधिकार का ताकत है। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री नितिन जी भाई साहब ने कहा। इस मौके पर उन्होने मौजूद संगठन कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में नागरिकता विधेयक जिसे हम सीएए कानून के रूप में भी जानते हैं वह दूसरे लोगों का नागरिकता लेने का नहीं बोल नागरिकता देने का कानून है। लेकिन इसके विरोध में झूठ फैलाया जा रहा है आज ऐसे लोग भी हैं जो भगवान श्री राम जी की जन्मस्थली मंदिर को भी तोड़ने बात करने वालों का समर्थन कर रहे हैं। आज हम सभी को जरूरत है कि हम अपने मताधिकार की ताकत पर जाने और अपने गांव के एक-एक व्यक्ति को वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर उन्होंने पूर्व की सरकारों पर आंशिक रूप से भारत के मूल निवासियों के खिलाफ कानून बनाकर अल्पसंख्यक राष्ट बनाने की कोशिश किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री अंशुमान जी, प्रयांशु, डॉ आशुतोष, जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला, वेद प्रकाश, बृजेश अग्रहरी, बजरंगी अग्रहरि, पुष्कर जायसवाल, कपिल जायसवाल, राजेश अग्रहरि, अंगद कुशवाहा, गणेश वर्मा, करन मौर्य, शिवम् पाण्डेय, दीपक मौर्य, शिवांशु, अंकित दिवाकर, पुष्पेंद्र पांडे, सर्वेश पटेल, चंद्र किशोर, हनुमान, पंकज पटेल, यशवंत यादव, श्यामू अग्रहरी, विवेक पण्डित, भुनेश्वर तिवारी, गुड्डू पासी, नंदू सरोज, अवधेश, वाल्मीकि शाहिद आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में 8 मई को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव के संबोधन से हुई ।उन्होंने छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक का कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है ।उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश पर शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें ।कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ०धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने गांव में घर घर जाकर लोगों को मतदान देने के लिए प्रोत्साहित करें जिससे स्वच्छ और स्वस्थ लोकतंत्र की नींव पड़ सके ।कार्यक्रम को प्रोफेसर श्वेता ने भी संबोधित किया।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान सत्र का किया गया आयोजन




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान पर ऑनलाइन व्याख्यान सत्र का आयोजन 08 मई को किया गया।इस व्याख्यान सत्र का संचालन महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रीता दयाल ने किया। व्याख्यान के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र छात्राओं को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मतदान करवाने के लिए निर्वाचन आयोग को बहुत अधिक मात्रा में धन व्यय करना पड़ता है तथा करोड़ों लोग मतदान करवाने की प्रक्रिया से जुड़ते हैं तब कहीं जाकर एक बार का मतदान पूर्ण होता है, ताकि हम सभी अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें। इस ऑनलाइन व्याख्यानसत्र के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के डॉ अजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी विभाग रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्र/छात्राओं को बताया कि मतदान 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों का अधिकार है जो आज़ादी के बाद से 1951 से प्राप्त है। उन्होंने बताया कि मतदान का अधिकार वह मजबूत हथियार है जो लोकतंत्र की रीढ़ माना जाता है। इसके द्वारा हम देश के लिए एक योग्य और मजबूत सरकार का निर्माण करने में सहयोग दे सकते हैं। और सरकारों को तानाशाह एवम पथभ्रष्ट होने से रोक सकते हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्रों को एन. वी. एस. पी. वोटर पोर्टल एवम वोटर हेल्पलाइन के बारे में भी बताया जिसके माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र/ छात्राओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान के लिए हमें स्वयं भी जागरूक रहना चाहिए और अपने परिवार एवम आस पास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। इस व्याख्यान सत्र में छात्र/ छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से जुड़कर व्याख्यान का लाभ प्राप्त किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार, डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केशरवानी, डॉ रमेश चन्द्रा, एवम महाविद्यालय के कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

# इलाज के दौरान कथित डॉक्टर ने मरीज की ले ली जान

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के ग्राम बभन पुरवा निवासी लवकुश उम्र 26 वर्ष पुत्र श्री केशन सिंह यादव को बंधवा मोड़ के पास संचालित एक अस्पताल में मामूली मर्ज के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान कथित चिकित्सकों की लापरवाही से मरीज की मौत हो गई है गलत तरीके से संचालित इन अस्पतालों में योग्य अनुभवी और डिग्री होल्डर चिकित्सक नहीं है इन कथित चिकित्सको के पास योग्यता अनुभव और डिग्री की कमी है धन कमाने के चक्कर में मरीजों का इलाज शुरू कर देते हैं जिससे आए दिन मरीजों की मौत हो रही है मरीज के इलाज का लेखा-जोखा भी इस अस्पताल के पास मौजूद नहीं है मरीज को कौन सी दवाई दी गई है उसे कौन सा मर्ज था अस्पताल के रजिस्टर में उपलब्ध नहीं मिलेगा अस्पताल में नर्स और कंपाउंड भी डिग्री होल्डर नहीं है लेकिन फिर भी बड़ा-बड़ा बोर्ड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है लेकिन उसके बाद स्वास्थ्य विभाग गलत तरीके से चलने वाले अस्पतालों को बंद करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है सूत्रों ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित कर मरीज को इलाज के नाम पर रकम वसूली के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है इससे मरीजों को परेशानी हो रहे हैं लोगों का आरोप है कि क्लीनिक में कम पढ़े लिखे लीगो को लगाकर इंजेक्शन लगवाता है जिससे मरीज ठीक होने के बजाए मौत के मुंह में धकेले जा रहे है क्लीनिक संचालक का बल्ले बल्ले है लोगों ने बताया कि राहुल फर्जी तरीके से बंधवा मोड़ के पास फर्जी क्लीनिक चला रहा है जो स्वास्थ्य विभाग के नियमों का पूरा नहीं कर रहा है लोगों ने जिले के आला अधिकारियों से कार्यवाही करने की मांग किया है।

# आर्य पब्लिक स्कूल मंझनपुर में कब बुलबुल, स्काउट गाइड तीन दिवसीय द्वितीय सोपान जांच शिविर का समापन



**कौशाम्बी।** आर्या पब्लिक स्कूल भड़ेसर घना का पुरवा मंझनपुर कौशांबी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशांबी के तत्वावधान में कब/ बुलबुल द्वितीय चरण कोमल पंख व स्काउट गाइड द्वितीय सोपान जांच शिविर के तीन दिवसीय जॉच शिविर का समापन 08 मई को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम सुन्दर सिंह जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश कौशांबी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्या गुंजन वर्मा व विद्यालय के मैनेजर अनिल कुमार कनौजिया रहे अतिथिओ को विद्यालय के स्काउट मास्टर अखिलेश कुमार व सरिता कुशवाहा ने स्कार्फ पहना करके स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले विद्यालय के बुलबुल ने अपने गतिविधियों के माध्यम से मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्वागत कर स्काउट गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं को निरीक्षण स्थल तक ले गए अतिथियों ने तंबुओं का निरीक्षण किया और स्काउट/ गाइड का साहस और लगन देखकर अतिथियों ने बहुत सराहना किया साथ ही साथ जिला सचिव रामसुंदर सिंह ने स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षिक का सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है विद्यालय के प्रधानाचार्या ने बताया कि किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और किसी भी प्रकार के आपदाओं में स्काउट गाइड सेवा और सहयोग के भावना से हमेशा तैयार रहते हैं और कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना रखते है इस कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह आदि विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया ट्रेनिंग काउंसलर गाइड शिवानी सिंह ने कब/ बुलबुल के गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया विद्यालय के स्काउट मास्टर अखिलेश कुमार ने स्काउट गाइड को सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट आदि के बारे में बताया विद्यालय के गाइड कैप्टन सरिता कुशवाहा ने स्काउट गाइड को झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया।

संचालन श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने किया। साथ ही साथ विद्यालय के प्रधानाचार्या गुंजन वर्मा व मैनेजर अनिल कुमार कनौजिया ने मुख्य अतिथि जिला सचिव रामसुंदर सिंह जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव व ट्रेनिंग काउंसलर गाइड शिवानी सिंह को मोमेंटो स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंटकर सम्मानित किया साथ ही स्काउट गाइड को प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया और आभार व्यक्त किया। अंत में ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सवर्ण जाति का व्यक्ति पिछड़ी जाति का बनकर प्रयागराज में कर रहा नौकरी

**अपना वास्तविक नाम बदलकर दूसरे के नाम पर नौकरी करने के इस मामले में तत्कालीन विभागीय अधिकारियों के कार्यो पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं**

**कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग प्रयागराज में पिछली जाति के सखानंद विश्वकर्मा की संदिग्ध मौत होने के बाद उनका बेटा बनकर एक सवर्ण बिरादरी का व्यक्ति लोक निर्माण विभाग प्रयागराज में लम्बे समय से मृतक आश्रित की नौकरी कर रहा है और मृतक आश्रित में नौकरी करने वाला यह शातिर व्यक्ति विभाग से मोटा वेतन भी प्रत्येक महीने ले रहा है कई वर्ष बीत जाने के बाद मामले में विभागीय अधिकारियों ने जांच नहीं कराई है और सखानंद के वास्तविक बेटे को नौकरी देने के बजाय दूसरे जाति के व्यक्ति को मृतक आश्रित में सखानंद का बेटा बनाकर फर्जी तरीके से परिवार रजिस्टर की नकल पर नौकरी दे दी गयी फर्जी नौकरी देने के इस मामले का कई वर्ष बाद भी अधिकारियों ने खुलासा नहीं किया है बताया जाता है कि सखानंद का बेटा बनकर नौकरी करने वाला यह शातिर व्यक्ति अधिकारियों का खास बना है जिससे इसकी जांच नहीं हो पा रही है मामले को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत हुई है लेकिन जांच के नाम पर केवल लीपापोती हुई है अब सवाल उठता है की पिछड़ी जाति के सखानंद विश्वकर्मा की दूसरी पत्नी भी नहीं थी उनकी मौत के बाद फर्जी तरीके से उनके परिवार का सदस्य बनकर सवर्ण बिरादरी के व्यक्ति द्वारा नौकरी किए जाने के मामले की यदि लोक निर्माण विभाग के चीफ अभियंता ने जांच कराई तो पिछड़ी जाति के सखानंद का फर्जी बेटा बनकर नौकरी करने वाले सवर्ण जाति के व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज होगा और विभाग से मिले वेतन की रिकवरी भी होगी लेकिन क्या इस गोरखधंधे की सूक्ष्म जांच हो पाएगी सवाल यह भी उठ रहा है कि सखानंद की मौत कैसे हुई थी या फिर उनके स्थान पर उनकी नौकरी हथियाने की सोची समझी साजिश के तहत उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था और दूसरे जाति के व्यक्ति ने जाति बदलकर उनका बेटा बनकर नौकरी हथिया ली अपना वास्तविक नाम बदलकर दूसरे के नाम पर नौकरी करने के इस मामले में तत्कालीन विभागीय अधिकारियों के कार्यो पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं और मामले में उच्च स्तरीय जांच हुई तो जहां फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई होगी वहीं फर्जी तरीके से नौकरी देने वाले विभाग के अधिकारियों पर भी बड़ी कार्यवाही होगी।

# आकांक्षी जिले को अन्य जिलों के समान लाने को प्रयास जारी

## डीएम ने कार्य योजना देने के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में चर्चा करते डीएम आदि।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने एचएएल हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि ये आकांक्षी जिला है। अन्य जिलों के समान स्तर पर लाने को प्रयास जारी हैं।

बुधवार को कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीएमओ, डीपीओ व बीएसए को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभागों में जो समस्या है, कार्य योजना बनाकर भेजें। उन्होंने बीएसए से इंफ्रास्ट्रक्चर बाबत जानकारी ली। बीएसए ने बताया कि कुछ कमरे जर्जर हैं। एचएएल के जनरल मैनेजर यशदत्ता ने बताया कि कुछ कमरों को स्मार्ट क्लास बनाया जाएगा। बीएसए को निर्देश दिये कि चार्टेर्ड अकाउंटेंट्स से फॉर्मेट बनवायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएचसी-पीएचसी सेन्टर पर कोई समस्या हो तो वहां एचएएल कार्य करा सकता है। जनरल मैनेजर यशदत्ता ने कहा कि आवश्यकता अनुसार कार्य योजना बनाकर दें। वीएचएसएनडी सेशन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर चर्चा हुई। मॉनिटरिंग केंद्र कलेक्ट्रेट सोनेपुर में रहेगा। बीएचएसएनडी सेशन स्थलों पर तब पता चलेगा कि कितने केस आये हैं। नजर रखी जायेगी। सीडीओ ने कहा कि उस स्थल पर सीसीटीवी लगाये जायें, जहां बीएचएसएमडी का सेशन चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर फंड से जो कार्य होंगे, तीन वर्ष की गारंटी होनी चाहिए। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीपीओ पीड़ी विश्वकर्मा, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि जनरल मैनेजर यशदत्ता, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि मुख्य प्रबंधक विपुला शरन समेत अन्य

# युवाओं की तैयारी को बेहतर संस्थान एचीवर्स लाइब्रेरी

**अखंड भारत संदेश**



लाइब्रेरी का शुभारम्भ करते प्रेस क्लब अध्यक्ष आदि।

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के ओम प्लाजा में एचीवर्स लाइब्रेरी का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि/प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने किया। उन्होंने युवाओं को बेहतर ढंग से तैयारी की सलाह देते हुए बीस मई को मतदान में बढ-चढकर हिस्सा लेने का आवाहन किया।

मंगलवार को देर शाम जिला मुख्यालय स्थित ओम प्लाजा में एचीवर्स लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारम्भ कर मुख्य अतिथि/प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि शहर में बच्चों की तैयारी को कोई बेहतर संस्थान व स्थान नहीं था। एचीवर्स लाइब्रेरी के डायरेक्टर शानू यादव ने युवाओं की तैयारी को बेहतर संस्थान खोला है। इस संस्थान से यूपीएससी, नीट, जेईई आदि की तैयारी कर युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। एचीवर्स लाइब्रेरी में युवाओं के लिए सस्ती व सुविधाजनक व्यवस्था है।

मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश द्विवेदी ने इस मौके पर मौजूद युवाओं से कहा कि बीस मई को सभी लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान में हिस्सा लें। पांच साल में एक बार ये महापर्व आता है। इसमें कोई चूक न करे। इस मौके पर ओम प्लाजा के डायरेक्टर देवराज यादव, समाजसेवी स्वप्निल अग्रवाल व युवा अधिवक्ता मोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# मोदी-योगी ने बुंदेलखंड विकास को लिया है संकल्पः राजा बुंदेला

**अखंड भारत संदेश**



राजा बुंदेला।

**चित्रकूट।** आजादी बाद से बुंदेलखंड उपेक्षित-बदहाल था। मोदी-योगी सरकार ने पिछड़े क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सौगात देने के साथ झांसी में नोयडा की तर्ज पर बीड़ा की स्थापना 20 हजार हेक्टेयर मे की है। बुंदेलखंड का औद्योगिक विकास यहां की समृद्धि का साध्य बनेगा।

बुधवार को ये बात फिल्म अभिनेता/बुंदेलखंड विकास बोर्ड उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने आनंद रिसार्ट में कही। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सौगात देकर मोदी-योगी ने चित्रकूट ही नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की तरक्की के द्वार खोल दिये है। बुंदेलखंड में पानी के विकट हालात होते थे। महोबा में गर्मी के दिनों में पानी की ट्रेन भेजनी पड़ती थी। चित्रकूट के पाठा में कहावत थी कि गगरी न फूटे चाहे खसम मर जाए। मोदी-योगी सरकार ने पेयजल समस्या समाधान को हर घर नल-जल योजना से सभी को पेयजल देने का संकल्प लिया है। चित्रकूट के हवाई अड्डा में प्लेन उतरने शुरू हो गए हैं। यहां का पर्यटन उद्योग की शक्ल लेने से विकास को पंख लगेंगे। एक्सप्रेस-वे से उद्योगपति आकर्षित होंगे। धर्मनगरी विकास को सरकार ने चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद बनाया है। करोड़ों की विकास योजनायें चल रही हैं। बुंदेलखंड कई बार प्रधानमंत्री आ चुके हैं। मोदी यहां के भौगोलिक हालात व मूलभूत समस्याओं से परिचित हैं। केंद्र मे तीसरी बार सरकार बनने पर मोदी फिर बुंदेलखंड की तरक्की को खजाना खोलेंगे। भाजपा हमेशा छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। बुंदेलखंड अलग राज्य बनाने का मामला दिल्ली दरबार में लंबित है।

## एसपी के निर्देश पर एक पर गुण्डा-दो पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले एक पर गुण्डा एक्ट व दो पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने चुन्नू विश्वकर्मा पुत्र रामपूजन विश्वकर्मा चैरा पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने लवकुश कोल पुत्र भइयालाल हर्दीकला मजरा कोटा कंदैला व रिंकू पुत्र कल्लू कोल रम्पुरिया के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट कार्यवाही की है।

# दुष्कर्म-गैरकानूनी धर्म परिवर्तन के दो आरोपी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाल उपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में कर्वी पुलिस ने दुष्कर्म व गैरकानूनी ढंग से धर्म परिवर्तन के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि छह मई को कोतवाली कर्वी में पीड़िता ने लिखाई रिपोर्ट में कहा कि अब्दुल उर्फ आरू रहमान, इरफान उर्फ छोटू पुत्र हबीब निवासी चैगलिया तरौंहा ने उसके साथ अलग-अलग स्थान पर दुष्कर्म किया है। बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। रुखसार पत्नी रहमान खान ने धर्म परिवर्तन को प्रेरित किया। मामला अब्दुल रहमान, इरफान उर्फ छोटू पुत्र हबीब व रुखसार पत्नी रहमान खान पर दर्ज हुआ। निरीक्षक अपराध लाखन सिंह को गिरफ्तारी के निर्देश दिये।

निरीक्षक अपराध लाखन सिंह ने अब्दुल रहमान उर्फ आरू व इरफान उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया। विवेचना में पीड़िता के बयान व घटना क्रम के समय पीड़िता की उम्र पर मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा बढाई। टीम में निरीक्षक अपराध लाखन सिंह व सिपाही पवन राजपूत शामिल रहे।

## 40 लीटर महुआ शराब समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

बुधवार को बहिलपुरवा थाने के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने संतोष कुमार पुत्र स्व रामआसरे ददरीमाफी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुंडी थाने के दरोगा रमजानी खान ने योगी पुत्र मूलचन्द्र ऊंची धूबहरा मजरा माराचन्द्रा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।




श्रद्धालुओं को पानी पिलाते रोवर रेंजर।

## श्रद्धालुओं को पिलाया शरबत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अमावस्या मेला में आये श्रद्धालुओं को कर्वी रेलवे स्टेशन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रोवर रेंजर ने जलपान कराया।

केला व शरबत पिलाया। सभी श्रद्धालु आशीर्वाद देते हुए अपने घरों को गये। गोस्वामी तुलसीदास के रोवर प्रभारी डॉ वंशगोपाल, कर्वी कोतवाल, एडवांस रोवर लीडर ललित कुमार यादव, सीनियर लीडर आकांक्षा सैनी, निधि केशरवानी, शिवानी जोशी, साधना देवी, अभिज्ञान श्रीवास्तव, आशीष कुमार आदि ने सहयोग किया।

# धोखाधड़ी-पुलिस पर हमला आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में हमलावर आरोपी।

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में पुलिस टीम पर जानलेवा फायर करने वाले को पुलिस ने तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया। प्रयागराज जिले के डेराबारी थाना लालापुर के बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी पुत्र अवधेश चन्द्र द्विवेदी ने लोगों से धोखाधडी कर टैट्टक्टर लेकर गायब कर देता था। पुलिस ने उसे दबोचकर उसका आपराधिक इतिहास खंगाला है।

ज्ञात है कि हर्दीकला मोड़ बरगढ़ से उसे दबोचा है। इसने 19 मार्च को हिमांशु सिंह पुत्र राजकुमार सेमरा थाना बरगढ़ का ट्रैक्टर कमल सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह गाढ़ा कटरा थाना शंकरगढ़ प्रयागराज व बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी पुत्र अवधेश चन्द्र द्विवेदी डेराबारी थाना शंकरगढ़ प्रयागराज हाल पता वार्ड दस राजा कोठी थाना शंकरगढ़ जिला प्रयागराज ट्रैक्टर व ट्राली 11 माह के एग्रीमेंट पर 24 हजार रुपये महीना किराये पर ले गये थे। महीना पूरा होने पर किराया नहीं दिया। टैट्टक्टर गायब कर दिया। प्रभारी निरीक्षक की टीम गिरफ्तारी व ट्रैक्टर बरामदगी को प्रयास कर रही थी। 22 मार्च को मुखबिर की सूचना पर कमल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर मौके से भाग गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, दीवान रमेशचन्द्र शामिल रहे।

# पॉलिटेक्निक में प्रवेश को आवेदन का अंतिम मौका

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** वर्तमान में उप्र के किसी भी पॉलिटेक्निक में शैक्षिक सत्र में प्रवेश को संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उप्र लखनऊ से ऑनलाइन आवेदन परिषद की वेबसाइट में भरवाये जा रहे हैं। आवेदन भरे जाने की अंतिम तिथि 10 मई है। आवेदन भरने का ये अंतिम मौका है। बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि जो छात्र-छात्रायें पॉलिटेक्निक के किसी भी डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस आदि में डिप्लोमा इन फार्मेसी या अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हैं। वह पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरकर शामिल हो सकते हैं। किसी भी पॉलिटेक्निक में सीधे प्रवेश संभव नहीं है। पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों ऑनलाइन से 13 से 20 जून के बीच हो रही है। जो अभ्यर्थी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा फॉर्म भर चुके हैं, उनके आवेदन पत्र में त्रुटि है तो वे भी 11-12 मई को ऑनलाइन त्रुटि सुधार कर सकते हैं। पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा बाद ऑनलाइन काउंसलिंग जुलाई में होगी। काउंसलिंग से सीटों का आवंटन होता है और प्रवेश होता है। किसी छात्र को कोई परेशानी हो तो बरगढ पॉलिटेक्निक कालेज में सम्पर्क कर सकते हैं।

# हर हाल में खत्म करें बाल विवाह कुरीति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा की देखरेख में बाल विवाहों को रोकने को जिले में अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है।

बुधवार को उन्होंने बताया कि दस मई को अक्षय तृतीया का शास्त्रों/पुराणों में विशेष महत्व है। ये ऐसी तिथि है, जिसे वैशाख माह के शुक्ल पक्ष को अक्षय तृतीया के रूप में मनाते हैं। अक्षय तृतीया के दिन किया दान-पुण्य, तप, भजन कभी बेकार नहीं जाता। अक्षय तृतीया को ही मां गंगा का अवतरण हुआ है। भगवान परशुराम का अवतरण दिवस भी अक्षय तृतीया को हुआ है। अक्षय तृतीया को दैवीय तिथि माना जाता है। हर वर्ष अक्षय तृतीया के महत्व को जन मानस बच्चों की शादी का प्रचलन है। बाल विवाह होने की भी सम्भावना रहती है। बाल विवाह उतना ही महापाप है, जितना अक्षय तृतीया को किया शुभ कार्य। जिले में सभी लोगों को जागरूक होकर बाल विवाह जैसी कुरीति को समाज से खत्म करना चाहिए। सभी मन्दिर व पुजारी, धर्मशाला, विवाह स्थल, लाज, होटल, रिसार्ट मालिक, कर्मचारियों को सचेत रहना होगा कि कोई बाल विवाह न होने दें। वर-वधु की उम्र की जांच कर लें। बाल विवाह अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्यवाही हो सकती है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड लाइन 1098, पुलिस सेवा 112, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश माथुर 9219381673, एएचटीयू प्रभारी दुर्विजय सिंह 9336158032, डॉ सौरभ सिंह बाल संरक्षण अधिकारी 9450230079 पर सूचित कर सकते हैं।

## पं श्याम बिहारी की मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** व्यापारियों के मसीहा श्रद्धेय पं श्याम बिहारी मिश्रा की 86वीं जयंती पर नगर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष धर्मचंद गुप्ता, जिला महामंत्री सुशील कक्का की अगुवाई में जयंती मनाई। जयंती में व्यापारी भाइयों ने लोगों के बीच लड्डू बांटे।

# भीषण गर्मी पर आस्था पडी भारी

**अखंड भारत संदेश**



वैशाखी अमावस्या पर उमडी भीड।

**चित्रकूट।** वैशाखी अमावस्या पर तकरीबन पांच लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में स्नान कर भगवान कामदनाथ के दर्शन कर पंचकोसी परिक्रमा लगाकर तीर्थ क्षेत्र में माथा टेका। भीषण गर्मी से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी हुई। रास्ते में श्रद्धालु छांव ढूंढते रहे। भीषण गर्मी पर आस्था भारी पडी। बुधवार को मंदाकिनी में तडके श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा पंडितों को दानकर परिक्रमा लगाई। क्षेत्र के जानकीकुंड, गुप्त गोदावरी, हनुमानधारा समेत अन्य तीर्थों के दर्शन किये। 42 डिग्री तापमान में श्रद्धालुओं की भीड़ रामघाट व कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर रही। परिक्रमा मार्ग में ठंडा जल देने को लगाये वाटर कूलर खराब होने से श्रद्धालुओं को परिक्रमा किनारे पानी की टंकियों से गर्म पानी पीना पडा। यूपी-एमपी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर श्रद्धालुओं को पानी देने को रखे टैंकर तेज धूप से खासे गर्म हो गये।

टैंकरों से गर्म पानी निकल रहा था। यही हाल रोडवेज बस स्टैंड पर भी रहे। एसपी अरुण कुमार सिंह, सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को हिदायत दी। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं का सहयोग करने की भावना से ड्यूटी करें।

## पीआरवी 2047 ने आत्महत्या करने से महिला को बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पीआरवी 2047 की टीम ने आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया है। ज्ञात है कि एक व्यक्ति ने डायल 112 पर सूचना दी कि उसका पत्नी से विवाद हो गया है। पत्नी रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रही है। रोकने से नहीं रुक रही। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर टीम ने महिला को रेलवे ट्रैक की ओर जाने से रोका। समझा- बुझाकर पति-पत्नी के विवाद को शांत कराया। टीम में पीआरवी के दीवान अमीरुद्दीन, सिपाही जमुना प्रसाद गुप्ता, सिपाही गुलाम मोहम्मद नूरानी शामिल रहे।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास को जरूरी है विद्या प्रवेशः डॉ अमलेश

**अखंड भारत संदेश**



प्रावि अहिरी में मूल्यांकन करती टीम।

**मऊ/चित्रकूट।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के जारी विद्या प्रवेश के तहत प्राथमिक विद्यालय अहिरी क्षेत्र मऊ का निरीक्षण किया। उप्र में विद्या प्रवेश का मूल्यांकन किया जाना है।

बुधवार को मूल्यांकन को प्री टेस्ट मोड पर बेस लाइन मूल्यांकन हुआ। इस बाबत नव प्रवेशित कक्षा एक के छात्रों का मूल्यांकन व शिक्षकों, अभिभावकों, प्रधानाचार्य के साथ चर्चा हुई। निरीक्षण टीम में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी डॉ अमलेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर एनसीईआरटी नई दिल्ली के साथ फील्ड इन्वेस्टीगेटर अजय सिंह, नागेन्द्र कुमार भारतीया व राजेश कुमार पांडेय ने सहयोग किया।

प्रधानाध्यापक शारदेंदु शुक्ला, चांदनी शुक्ला, शांति देवी समेत सम्पूर्ण स्टाफ ने सहयोग किया। स्कूल में सभी छात्र-छात्रायें यूनिफॉर्म में मिले। तकरीबन 90 विद्यार्थी हाजिर रहे। स्कूल का शैक्षिक माहौल, रसोइयों के बनाये बच्चों के भोजन का बारीकी से निरीक्षण हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को भेजी जायेगी। कार्यक्रम के तहत जिले में मंत्रालय से मऊ ब्लॉक के तीन विद्यालय चयनित हुए थे। क्रमशः प्राथमिक विद्यालय मुर्का, प्राथमिक विद्यालय अहिरी के निरीक्षण बाद अगले दिन प्राथमिक विद्यालय बरवार का निरीक्षण होगा।

## मेला में आये श्रद्धालुओं से करें विनम्र बर्तावः एसपी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बैशाख माह अमावस्या पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, पर्यटक चैराहा, परिक्रमा क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। मंगलवार देर रात पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों से कहा कि मेले में आने वाले दर्शनार्थियों से विनम्र बर्ताव करें। किसी के साथ अभद्रता न करें। प्रयास करें कि किसी को कोई दिक्कत हो तो मदद को आगे आयें। इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने बैशाख माह के अमावस्या मेला पर सुरक्षा-सतर्कता के मद्देनजर रामघाट, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर जांच की।

# भारत प्रेषित धन का दुनिया का सबसे बड़ा प्राप्तकर्त्ता बना, प्राप्त किया 111 बिलियन डॉलर - India Remittances

**संयुक्त राष्ट्रः** संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा है कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर से अधिक धन प्रेषण प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है. इसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला और उसे पार करने वाला पहला देश बन जाएगा. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 में कहा कि 2022 में भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस शीर्ष पांच धन प्रेषण प्राप्तकर्ता देश होंगे. धन प्रेषण का मतलब है कि भुगतान या उपहार के रूप में भेजी गई धनराशि।



रिपोर्ट में कहा गया, 'भारत बाकी देशों से काफी आगे रहा, जिसने 111 अरब डॉलर से अधिक प्राप्त किया, वह 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और उसे पार करने वाला पहला देश बना. वर्ष 2022 में मैक्सिको दूसरा सबसे बड़ा धन प्रेषण प्राप्तकर्ता रहा. यह स्थान इसने 2021 में भी बरकरार रखा, जब उसने चीन को पीछे छोड़ दिया, जो ऐतिहासिक रूप से भारत के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा था.'

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 बिलियन यूएसडी), 2015 ( 68.91 बिलियन यूएसएस) और 2020 ( 83.15 बिलियन यूएसडी) में प्रेषण प्राप्त करने वाला शीर्ष देश था, जिसमें प्रेषण 2022 में 100 बिलियन यूएसडी का आंकड़ा पार कर 111.22 बिलियन यूएसडी तक पहुंच गया. इसमें कहा गया है कि उपक्षेत्र से बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों के साथ, दक्षिण एशिया विश्व स्तर पर सबसे अधिक धन प्रेषण प्राप्त करने वाले देशों में से एक है.

दक्षिण एशिया में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश टॉप परः दक्षिण एशिया के तीन देश - भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश विश्व में अंतरराष्ट्रीय धन प्रेषण के शीर्ष दस प्राप्तकताओं में शामिल हैं. ये इस उपक्षेत्र से श्रम प्रवास के महत्व को रेखांकित करता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को 2022 में 111 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक प्राप्त होने का अनुमान है.

यह दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय धन प्रेषण प्राप्तकर्ता है और इस आंकड़े तक पहुंचने वाला पहला देश है. पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमशः छठे और आठवें सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय धन प्रेषण प्राप्तकर्ता थे जिन्हें क्रमशः लगभग 30 बिलियन अमरीकी डॉलर और 21.5 बिलियन अमरीकी डॉलर प्राप्त हुए.

हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इस उपक्षेत्र में कई लोगों के लिए धन प्रेषण एक जीवन रेखा बनी हुई है, लेकिन इन देशों के प्रवासी श्रमिकों को अनेक प्रकार के जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें वित्तीय शोषण, प्रवास लागत के कारण अत्यधिक वित्तीय ऋण, विदेशी द्वेष और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार शामिल हैं. खाड़ी देश विश्व भर के प्रवासी श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण गंतव्य बने हुए हैं.

वर्ष 2022 फुटबॉल विश्व कप ने उप-क्षेत्र के लिए प्रवासी श्रमिकों के महत्व के साथ-साथ अधिकारों के उल्लंघन को भी रेखांकित किया है. कई खाड़ी सहयोग परिषद देशों में कुल जनसंख्या में प्रवासियों का अनुपात अभी भी उच्च है. संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर में प्रवासियों की संख्या राष्ट्रीय जनसंख्या का क्रमशः 88 प्रतिशत, अर्थात लगभग 73 और 77 प्रतिशत थी. अधिकांश प्रवासी, जिनमें से अनेक भारत, मिस्र, बांग्लादेश, इथियोपिया और केन्या जैसे देशों से आते हैं. वे निर्माण, आतिथ्य, सुरक्षा, घरेलू कार्य और खुदरा जैसे क्षेत्रों में काम करते हैं.

भारत अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों का उद्गम स्थलः रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 18 मिलियन या कुल जनसंख्या का 1.3 प्रतिशत, भारत दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों का उद्गम स्थल भी है, जिनमें से बड़ी संख्या में प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रहते हैं. भारत 4.48 मिलियन प्रवासियों के साथ 13वें स्थान पर है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत शीर्ष 10 अंतर्राष्ट्रीय देश-से-देश प्रवास गलियारों में से एक है. इस गलियारे में भारत- संयुक्त अरब अमीरात, भारत- अमेरिका, भारत-सऊदी अरब और बांग्लादेश शामिल हैं. मैक्सिको अब भारत के बाद दुनिया में अंतरराष्ट्रीय धन प्रेषण का दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है.

धन प्रेषण प्राप्तकर्ता में पिछड़ा चीनः चीन लंबे समय से दूसरे स्थान पर था, लेकिन 2021 में मैक्सिको ने इसे पीछे छोड़ दिया. अनुमान है कि मध्य अमेरिकी देश को 2022 में 61 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक प्राप्त हुआ, जबकि चीन को लगभग 51 बिलियन अमरीकी डालर प्राप्त हुए. रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन में धन प्रेषण प्रवाह में कमी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें जनसांख्यिकीय बदलाव शामिल हैं.

इसके परिणामस्वरूप कामकाजी आयु वर्ग की आबादी कम हो गई है और देश की शून्य-कोविड नीति, जिसने लोगों को काम के लिए विदेश यात्रा करने से रोक दिया है।

# राफा पर हमला रणनीतिक भूल होगीः संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस

**न्यूयॉर्कः** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने राफा में इजरायल के जमीनी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि यह हमला एक 'रणनीतिक गलती' होगी. गुटेरेस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'राफा पर हमला एक रणनीतिक गलती, एक राजनीतिक आपदा और एक मानवीय दुःस्वप्न होगा.' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से चल रहे संघर्ष को रोकने में मदद करने की अपील की



गुटेरेस ने कहा, 'मैं इजरायल पर प्रभावित करने वाले सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे और अधिक त्रासदी को रोकने में मदद करने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करें. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समझौता सुनिश्चित किया जाए और युद्ध को समाप्त किया जाए. संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने वीडियो में कहा,'मानवीय युद्ध विराम को बढ़ावा देना, सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और जीवन रक्षक सहायता में भारी वृद्धि करना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, 'अब समय आ गया है कि दोनों पक्ष अवसर का लाभ उठाएं और अपने लोगों के हित में समझौता करें.' फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार की सुबह राफा पर कई हवाई हमलों के कारण तनाव बढ़ गया, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग हताहत और घायल हुए. फिलिस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए (हअऋअ) ने राफा पर दो अलग-अलग हमलों में आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है.

हालांकि सटीक समय अभी भी स्पष्ट नहीं है।

स्थानीय समयानुसार मंगलवार की सुबह फेसबुक पोस्ट के अनुसार राफा के कुवैत अस्पताल ने 11 लोगों के मृत होने की सूचना दी है. बढ़ते हवाई हमलों के बीच इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को हमास पर सैन्य दबाव डालने के लिए राफा में सैन्य अभियान जारी रखने की पुष्टि की. इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पूर्वी राफा में हमास आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ अपने लक्षित हमले जारी रखा हुआ है. नागरिक सुरक्षा के अनुसार यह वृद्धि रविवार से सोमवार के बीच रात में हुई घातक बमबारी के बाद हुई है, जिसमें कम से कम 26 लोगों की जान चली गई।

# नेपाली सौ के नोट पर विवादित नक्शा प्रकाशित करने का राष्ट्रपति के सलाहकार ने किया विरोध

**काठमांडू।** नेपाली सौ के नोट पर विवादित नक्शा प्रकाशित करने का चौतरफा विरोध हो रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल, सत्ता पक्ष के मंत्री, सांसद के अलावा नेपाली सेना के प्रधान सेनापति के बाद अब राष्ट्रपति के सलाहकार ने भी विरोध किया है।

राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के आर्थिक मामलों के सलाहकार चिरंजीवी नेपाल ने सरकार के इस फैसले को कूटनीतिक मयार्दा के विपरीत बताया है। काठमांडू में आयोजित इकॉनमिक कनक्लेव में राष्ट्रपति के सलाहकार ने कहा कि सरकार का यह फैसला अविवेकपूर्ण है और इसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम होंगे। कनक्लेव में चिरंजीवी नेपाल ने कहा कि एक तो ऐसे ही देश का अर्थतंत्र सरकारी नीति के कारण डांवाडोल है, अब सरकार के इस फैसले से भी अर्थतंत्र पर नकारात्मक असर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि नेपाली सौ के नोट को विवादित नक्शे के कारण भारत ने मान्यता नहीं दी तो वेनेजुएला की तरह हमारा नोट किलो के भाव में भी नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि जिस मुद्दे को कूटनीतिक टेबल पर राजनीतिक समझदारी के साथ सुलझाना चाहिए, उस पर भारत को चिढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि नेपाल और भारत के साथ संबंध बिगाड़ने के लिए कहीं किसी तीसरे के इशारे पर या दबाब में तो यह कदम नहीं उठाया गया है?

# पाक सेना ने कहा, पांच चीनी नागरिकों के मौत की अफगानिस्तान में रची गई साजिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में एक आत्मघाती हमले पांच चीनी नागरिकों की मौत की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी देश की धरती का इस्तेमाल किया गया था। शरीफ ने कहा, यह आत्मघाती बम धमाका सीमा पार (अफगानिस्तान में) से भी जुड़ा है; इस आतंकवादी गतिविधि की योजना अफगानिस्तान में बनाई गई थी। आतंकवादियों और उनके मददगारों को भी अफगानिस्तान से नियंत्रित किया जा रहा था और आत्मघाती हमलावर भी अफगान था। इस साल मार्च में शांगला जिले के बिशम इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी कार से उस वाहन में टक्कर मार दी थी जिसमें पांच अभियंता सवार थे। हमले में चीनी अभियंताओं के साथ पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी। पीड़ित इस्लामाबाद से प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले के मुख्यालय दासू में अपने शिविर की ओर जा रहे थे।

# हमास की सैन्य क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में फराह पर नियंत्रण महत्वपूर्ण कदम : नेतान्याहू

**काहिरा।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि रफाह सीमा के गाजा क्षेत्र पर सेना का नियंत्रण हमास की सैन्य और आर्थिक क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रफाह सीमा पर मंगलवार को कब्जे के साथ ही इजराइल को गाजा की सीमाओं पर पूर्ण नियंत्रण मिल गया। यह सीमा क्षेत्र में मानवीय सहायता के लिए मुख्य मार्गों में से एक है। इजराइल ने 2005 में यहां से सैनिक हटा लिये थे।

**फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों का यूरोप तक फैला विरोध प्रदर्शन**

अमेरिका में पुलिस कई विश्वविद्यालयों में घुसकर धरने हटवा चुकी है, लेकिन फलस्तीन समर्थकों का आंदोलन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने फिर एमआईटी में बनाए शिविर पर फिर कब्जा कर लिया। एमआईटी में प्रदर्शनकारियों से कहा गया था कि वे स्वेच्छा से कब्जा हटा लें नहीं तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। इसके लिए सोमवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। कई प्रदर्शनकारियों ने कब्जा हटा लिया, लेकिन बाद में विश्वविद्यालय के बाहर से प्रदर्शनकारियों के आने के बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर फिर कब्जा कर लिया।

# ट्रंप के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने अदालत में दी गवाही

**न्यूयार्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने मंगलवार को अदालत में दोनों के बीच यौन संबंधों और चुप रहने के बदले धन देने के मामले में गवाही दी।

गवाही के दौरान पोर्न स्टार डेनियल 2006 में गोल्फ टूनार्मेंट के दौरान हुई पहली मुलाकात की जानकारी दी।

ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए डेनियल को 1.30 लाख डॉलर देने का आरोप है। हालांकि, ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार किया है और खुद को निर्दोष बताया। बता दें कि इस मामले में आदेशों का उल्लंघन करने पर अदालत अब तक पूर्व राष्ट्रपति पर 10 हजार डॉलर का जुमार्ना लगा चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेशों के दोबारा उल्लंघन पर जेल भेजने की भी चेतावनी दी है। 45 वर्षीय पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल का वास्तविक नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# हरदीप निज्जर हत्या मामले में तीन भारतीय आरोपी कनाडाई अदालत में पेश हुए

**ओटावाः** अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में तीन भारतीय आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया. ब्रिटिश कोलंबिया के सिख समुदाय के सदस्य तीनों आरोपियों को पहली बार अदालत में पेश किया गया. नारंगी रंग के ड्रेस पहने तीनों जैसे ही अदालत में पेश हुए, खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सरे प्रांतीय अदालत के बाहर नारे लगाए और तख्तियां लेकर भारत सरकार को हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया.



न्यायाधीश देलाराम जहानी ने तीन संदिग्धों करण बरार, करणप्रीत सिंह और कमलप्रीत सिंह से संक्षिप्त पूछताछ की. अपने वकीलों के माध्यम से बरार और करणप्रीत सिंह ने 21 मई को फिर से पेश होने का फैसला किया. ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, कमलप्रीत सिंह के लिए अदालत ने अभी तक नई तारीख तय नहीं की है. उसने कानूनी सलाह मांगी है.

तीनों लोगों को पिछले सप्ताह शुक्रवार को एडमोंटन में हिरासत में लिया गया था. उन पर जून 2023 में निज्जर की गोली मारकर हत्या के संबंध में हत्या और जानलेवा साजिश का आरोप है, जिससे भारत के साथ कनाडा के संबंधों को गंभीर नुकसान पहुंचा है. कनाडा के प्रधानमंत्री द्वारा भारत सरकार के एजेंटों पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा एक अभूतपूर्व कूटनीतिक संकट से जूझ रहे हैं.

हालांकि, भारत ने आरोपों को 'बेतुका' और 'दुर्भावनापूर्ण' बताते हुए खारिज कर दिया है. पिछले साल जून में वैंकूवर के उपनगर सरे में एक गुरुद्वारे से बाहर निकलते ही निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस वर्ष मार्च में उनकी हत्या का एक वीडियो क्लिप कथित तौर पर सामने आया था, जिसमें निज्जर को हमलावरों द्वारा गोली मारते हुए दिखाया गया था, जिसे 'कॉन्ट्रैक्ट किलिंग' बताया गया था.

कनाडा पुलिस ने पिछले सप्ताह भारत द्वारा घोषित आतंकवादी निज्जर की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों की तस्वीरें जारी कीं. यह तस्वीरें भारत सरकार के कथित संबंधों की चल रही जांच के बीच जारी की गई है. तीनों आरोपियों की तस्वीरों के साथ-साथ, कनाडाई पुलिस ने उस कार की तस्वीरें भी जारी की जिसके बारे में माना जाता है कि हत्या से पहले संदिग्धों ने सर्रे क्षेत्र में और उसके आसपास कार का इस्तेमाल किया था.

एकीकृत हत्या जांच दल ने कहा था कि 3 मई की सुबह ब्रिटिश कोलंबिया और अल्बर्टा आरसीएमपी और एडमॉन्टन पुलिस सेवा के सदस्यों की सहायता से निज्जर की हत्या के लिए तीन लोगों को गिरफ्तार किया. 4 मई को कनाडा की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (ठऊढ) के नेता जगमीत सिंह ने निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का नया आरोप लगाया।

# नेपाल में आज माता तीर्थ पर्व की धूम



**काठमांडू।** नेपाल में आज माता तीर्थ पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मातातीर्थ औंसी (अमावस्या) देश में श्रद्धा, भक्ति और सम्मान के साथ मां की पूजा करने के रूप में मनाया जाता है। दुनिया भर में मां के सम्मान में मनाए जाने वाले मदर्स डे से इतर नेपाल में मां को समर्पित माता तीर्थ पर्व सबसे बड़ा है।

सुबह से काठमांडू के करीब चंद्रागिरि नगरपालिका स्थित मातातीर्थ कुंड में मेला लगा है। हजारों श्रद्धालु मौजूद हैं। लोग दिवंगत मां को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। वैशाख कृष्ण अमावस्या पर मनाए जाने वाले इस पर्व को लोग सालभर इंतजार करते हैं। इस अवसर पर लोग सुबह स्नान करके खुद को शुद्ध करते हैं। माताओं को सुंदर कपड़े पहना कर मीठा और मसालेदार भोजन खिलाकर आशीर्वाद लेते हैं। दिवंगत माताओं को श्रद्धांजलि देकर याद किया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि ऐसा करने से मातृ ऋण से मुक्ति मिल जाती है।

मेले में मौजूद स्थानीय युवक नवीन न्योपाने ने बताया कि मातृहीन नर/नारी कुंड में स्नान कर हरिहर (विष्णु और शिव) की पूजा करते हैं। किंवदंती है कि मातातीर्थ कुंड में स्नान करने से मातृ ऋण से मुक्ति मिल जाती है। उधर, माता तीर्थ मेले के अवसर पर आज पूरे चंद्रागिरि नगरपालिका क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# रूस की सत्ता पर फिर काबिज हुए पुतिन, क्या कुछ बदलेगा? जानें सत्ता और संघर्ष की कहानी

**मास्कोः** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को 5वीं बार रूसी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली. जानकारी के मुताबिक, पुतिन ने ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस के सेंट एंड्रयू हॉल में राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है. बता दें कि, यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2 की ताजपोशी हुई थी. शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि 'हम मजबूत होंगे, हम उन देशों के साथ रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें अपना दुश्मन समझते हैं.' रूस में मार्च में हुए चुनाव में पुतिन को 88 फीसदी वोट मिले थे. उनके प्रतिद्वंदी निकोले खारितोनोव को सिर्फ 4 फीसदी वोट प्राप्त हुए. वहीं, यूक्रेन जंग को लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया. बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी थी.



**रूस में व्लादिमीर पुतिन के 24 वर्षों की सत्ता की प्रमुख घटनाएं**

31 दिसंबर, 1999 में राष्ट्र के नाम एक आश्चर्यजनक संबोधन में, रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने अपने इस्तीफे की घोषणा की और चार महीने पहले नियुक्त किए गए प्रधान मंत्री पुतिन को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया. वहीं, 7 मई, 2000 में लगभग 53 प्रतिशत वोट के साथ चुनाव जीतने के बाद, पुतिन को उनके पहले चार साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया. 11 मई, 2000 में टैक्स पुलिस ने एनटीवी के कार्यालयों पर छापा मारा, जो क्रेमलिन की आलोचनात्मक कवरेज के लिए प्रसिद्ध एक लोकप्रिय स्वतंत्र प्रसारक है. पुतिन युग की विशेषता बताने वाले प्रमुख स्वतंत्र मीडिया के खिलाफ यह पहला कदम था.

**पुतिन का राजनीतिक सफर**

12 अगस्त, 2000 में पनडुब्बी कुर्स्क 118 लोगों के साथ बैरेंट्स सागर में डूब गई, जिसको लेकर पुतिन की पहली व्यापक आलोचना हुई, जो संकट की शुरूआत में छुट्टी पर रहे और मदद के पश्चिमी प्रस्तावों को स्वीकार करने से पहले पांच दिन इंतजार किया. 23 अक्टूबर, 2002 में रूस के चेचन्या क्षेत्र के उग्रवादियों ने मॉस्को के एक थिएटर में लगभग 850 लोगों को बंधक बना लिया था. तीन दिन बाद, रूसी विशेष बलों ने संकट को समाप्त करने के लिए थिएटर में एक अज्ञात गैस छोड़ा, जिसमें आतंकवादियों के साथ-साथ कम से कम 130 बंधकों की मौत हो गई।

पुतिन ने इस ऑपरेशन का बचाव करते हुए कहा था कि इससे सैकड़ों लोगों की जान बचाई गई. वहीं, 25 अक्टूबर, 2003 में तेल व्यवसायी मिखाइल खोदोरकोव्स्की, जो रूस के सबसे अमीर आदमी थे और पुतिन के लिए संभावित चुनौती के रूप में देखे जाने वाले, को गिरफ्तार किया गया और बाद में कर चोरी और धोखाधड़ी के लिए 10 साल जेल की सजा सुनाई गई. जिसके बाद उनकी तेल कंपनी ध्वस्त हो गई और इसका अधिकांश हिस्सा सरकारी तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने अधिग्रहीत कर लिया गया.

**प्रमुख घटनाएं**

14 मार्च, 2004 में पुतिन को राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया. 1 सितंबर, 2004 में इस्लामिक आतंकवादियों ने दक्षिणी शहर बेसलान में एक स्कूल पर कब्जा कर लिया. इस दौरान हुए भीषण विस्फोटों और गोलीबारी में 300 से अधिक लोग मारे गए. जिसके दो दिन बाद घेराबंदी समाप्त हो गया. पुतिन ने इसके लिए क्षेत्रीय नेताओं की अक्षमता को जिम्मेदार ठहराया और घोषणा की कि राज्यपालों को निर्वाचित के बजाय व्यक्तियों को नियुक्त किया जाएगा.

**पुतिन ने सबको चौंकाया**

25 अप्रैल, 2005 में पुतिन ने सोवियत संघ के पतन को सदी की सबसे बड़ी भू-राजनीतिक तबाही बताकर अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को चौंका दिया था.10 फरवरी, 2007 में म्यूनिख में एक सम्मेलन में भाषण में, पुतिन संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने के पहले के प्रयासों से पूरी तरह से दूर हो गए. बात 8 मई, 2008 की करें तो, संविधान द्वारा लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ने से रोके गए, पुतिन को नए राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव द्वारा प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया, लेकिन प्रभावी रूप से वे रूस के राजनीतिक नेता बने रहे. 8 से 12 अगस्त, 2008 में रूस ने जॉर्जिया के साथ एक छोटा युद्ध लड़ा. जिसमें रूस ने अलगाववादी अब्खाज़िया और दक्षिण ओसेशिया क्षेत्रों पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया. 4 मार्च, 2012 में पुतिन को नए राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया. वे इस बार छह साल के लिए राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए।

# ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी को दिया झटका, भागने की आशंका के मद्देनजर जमानत की याचिका खारिज की

**लंदन।** भारत का भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की अदालत ने एक और झटका देते हुए उसकी नई जमानत याचिका को खारिज कर दिया। ज्ञात रहे कि नीरव मोदी भारत से धोखाधड़ी करके भागने के बाद से पिछले पांच साल से लंदन की जेल में बंद है। ब्रिटेन की अदालत ने उसकी जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज किया कि उसे न्याय की पकड़ से भागने का काफी खतरा है। हीरा व्यापारी नीरव (52) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना कर रहा है और भारत को प्रत्यर्पित करने के खिलाफ अपना मुकदमा हार गया था। लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में उसके द्वारा दाखिल की गई जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान वह उपस्थित नहीं हुआ लेकिन उसका बेटा और दो बेटियां मौजूद थे। जिला न्यायाधीश जॉन जानी ने उसकी कानूनी टीम की इस दलील को स्वीकार कर लिया कि पिछली जमानत अर्जी करीब साढ़े तीन साल पहले दाखिल की गई थी और इतने समय बाद सुनवाई को आगे बढ़ाने की अनुमति देने के लिए परिस्थितियों में बदलाव आया है।